**एक नजर**

### हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई, 19 सितंबर।** हेरोइन तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है जिसमें 246 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ मोहन नगर पुलिस ने आदित्य नगर दुर्ग निवासी गुरजीत सिंह रुट को पकड़ा है आरोपी मोहन नगर से फरार हुआ था पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी आरोपी गुरजीत सिंह पूछताछ के दौरान पुलिस को चकमा देकर भाग गया था फरार आरोपी को पकड़ने टीम बनाकर खोजबीन किया गया आरोपी को दुर्ग स्टेशन के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

### पर्स,मोबाइल छीनने वाले पकड़ाए



**भिलाई, 19 सितंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर युवक से मारपीट कर उसका पर्स और मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 650 रुपए नगद एवं मोबाइल जब्त कर लिया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि राकेश चौहान निवासी लेबर कैम्प जामुल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 सितंबर की रात 10.30 बजे अपने दोस्त से मिलने घासीदास नगर गया था उसी दौरान घासीदास नगर के रहने वाले 3-4 अज्ञात लड़के शराब पीने के लिए 100 रुपए मांगने लगे। प्रार्थी ने पैसे देने से मना करने पर मारपीट करते हुए प्रार्थी का पर्स एवं मोबाइल छीनकर भाग गये प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जामुल थाने पुलिस ने प्रार्थी के बताये हुलिया, मुखबीर सूचना एवं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया संदेही दीपक साहू, नीरज ठाकुर, रिवाश हरपाल उर्फ पिलाबो निवासी घासीदास नगर को घेराबंदी कर पकड़ा ।

### हत्या का फरार आरोपी दबोचा गया



**भिलाई, 19 सितंबर।** भिलाई 11 वर्ष पुराने हत्या के मामले में फरार चले रहे एक आरोपी को नंदिनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस पूर्व में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है आरोपी कुंवर सिंह उर्फ सन्नी भेष बदलकर व ठिकाने बदलकर पुलिस से छिप रहा था आखिरकार पुलिस ने धर दबोचा नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि 17 मार्च 2014 को प्रार्थी विष्णु (32 साल ) निवासी वार्ड -13 नंदिनी टाउनशिप नंदिनी थाने ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटनास्थल वार्ड -13 नंदिनी टाउनशिप में आरोपी होली त्यौहार मनाने बैठे हुए थे मृतक राकेश दास एवं उसके दोस्त विष्णु, चंद्रशेखर आरोपीगण के पास जाकर पानी पीने के लिए पानी पाउच मांगे आरोपियों ने पानी पाउच मांगने वाले कौन होते हो कहकर गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर लकड़ी के पट्टे से मारपीट की इस दौरान राकेश दास के सिर के पीछे साइड में चोट लगी उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जसपाल सिंह, रतन दत्ता, दीपकधर, मंजीत सिंह, रितेश पासवान, दीपक उर्फ मोनू शुक्ला को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा तथा प्रकरण के फरार आरोपी कुंवर सिंह उर्फ सन्नी घटना के बाद से फरार था आरोपी कुंवर सिंह ठाकुर उर्फ सन्नी कुरूद थाना जामुल को उसके निवास ढ़ाचा भवन कुरूद में छिपे होने की जानकारी मिलने पर उसे पकड़कर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया ।

### शासकीय वी.वाय.टी.पी.जी. कॉलेज दुर्ग में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दुर्ग, 19 सितम्बर।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित इनॉग्रेशन ऑफ द जूलॉजिकल एसोसिएशन के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग की ओर से दो न्यायाधीशगण ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान किया।एक न्यायाधीश द्वारा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इस अधिनियम का उद्देश्य अंधविश्वास के नाम पर की जाने वाली सामाजिक कुरीतियों और प्रताड़ना को पूर्णरूप से समाप्त करना है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाएँ तथा एक विकसित एवं एक कुप्रथा रहित समाज निर्माण किए ।

# आयुक्त ने स्कूल भवन व निर्माणाधीन नाली का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश



**भिलाई, 19 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विकास कार्यों को गति देने और जन सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जोन क्रमांक-4 के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। आयुक्त पाण्डेय ने छावनी तिरंगा चौक स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला का निरीक्षण कर जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से स्कूल परिसर का समतलीकरण और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। साथ ही मैदान में डोम शेड निर्माण की योजना को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे को दिए। इसके बाद आयुक्त पाण्डेय ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री के सामने बनी नाली और नंदिनी रोड छावनी बस्ती में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया। उन्होंने उप अभियंता चंद्रकांत साहू को कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम की प्रत्येक परियोजना का लक्ष्य नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, विजेंद्र सिंह परिहार, अतुल यादव सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

# भिलाई-चरोदा में संपत्ति कर वसूली तेज,आयुक्त खुद कर रहे निगरानी



**भिलाई-03।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने के लिए आयुक्त डी.एस. राजपूत ने स्वयं फील्ड में उतरकर संपत्ति कर वसूली अभियान की कमान संभाल ली है। आयुक्त ने राजस्व अमले के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कर बकाया रखने वाले भवन स्वामियों को कड़ी चेतावनी दी कि वे शीघ्र अपनी कर राशि जमा करें, अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित बकाया की वसूली में तेजी लाई जाए और करदाताओं को समय रहते जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य निगम की राजस्व आय बढ़ाकर शहर की बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ करना है। आयुक्त की सक्रिय भागीदारी से राजस्व अमले में उत्साह देखा गया और वसूली अभियान को गति मिली। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर संपत्ति कर जमा कर नगर विकास में योगदान दें।

### ग्राम पंचायतों में संतृप्ति अभियान शिविरों का आयोजन

**दुर्ग, 19 सितम्बर ।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार वित्तीय समावेशन विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक तीन माह हेतु जिला दुर्ग के सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन योजनाओं का संतृप्ति अभियान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों तक सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं बैंकिंग सेवाओं योजनाओं के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न कर, उन्हें योजनाओं से लाभ पंहुचाना है।

## अभा हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन, कवियों ने कवितापाठ कर बांधा समां

**भिलाई, 19 सितम्बर।** विश्वकर्मा पूजा एवं राजभाषा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में अखिल भारतीय हास्य-व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक विपिन कुमार गिरी तथा मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित रहे। मंच पर आमंत्रित




कवियों में मंजीत सिंह (फरीदाबाद), श्रीमती शशिकला दुबे (रायपुर), डॉ. सरिता शर्मा (नई दिल्ली) एवं अनिल अग्रवंशी (नई दिल्ली) ने अपनी चुटीली हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवियों ने सामाजिक विसंगतियों और समसामयिक विषयों को हल्के-फुल्के अंदाज में पिरोकर पेश किया, जिससे दर्शक मनोरंजन के साथ-साथ संदेश भी लेते रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक सौमिक डे, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं शहरवासी मौजूद थे।

## कवि गोविंद को हिंदी विभूषणश्री सम्मान



**भिलाई, 19 सितम्बर।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष और लब्धप्रतिष्ठित कवि गोविंद पाल को के.बी. हिंदी सेवा ट्रस्ट द्वारा 2 नवम्बर को बिसौली बदायूं में आयोजित समारोह में हिंदी विभूषण श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें शाल, श्रीफल, प्रतीक-चिह्न, सम्मान पत्र व सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। गोविंद पाल को साहित्य सेवा के लिए पूर्व में भी अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

# बकाया संपत्ति कर नहीं पटाने पर 22 सितंबर से वसूली के लिए शुरू होगी कुर्की



**भिलाई, 19 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने संपत्ति कर बकायादारों को कड़ी चेतावनी दी है। निगम ने बताया कि 22 सितम्बर 2025 से नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत कुर्की की कार्रवाई कर बकाया राशि वसूली जाएगी। इसके लिए निगम द्वारा समिति का गठन कर कुर्की वारंट जारी कर दिए गए हैं। निगम के अनुसार प्रत्येक जोन के जोन आयुक्त और प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी संबंधित भवन/भूमि स्वामी से एक दिन पूर्व संपर्क कर बकाया राशि जमा कराने की सूचना देंगे। यदि निर्धारित समय तक भुगतान नहीं किया जाता, तो निगम की टीम संपत्ति कुर्क कर बकाया कर की वसूली करेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कुर्की की पूरी जिम्मेदारी संबंधित संपत्ति स्वामी की होगी। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना बकाया कर जमा कर अनावश्यक परेशानी से बचें।

# रिसाली में पॉलिथीन उपयोग पर निगम ने की कार्रवाई



**रिसाली।** स्वच्छता और पर्यावरण पर ग्रहण लगाने वालों के खिलाफ नगर पालिक निगम रिसाली ने गुरुवार को सख्त कार्रवाई की। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाए गए अभियान में राजस्व एवं जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानदारों की जांच कर दो किलो से अधिक प्रतिबंधित वन टाइम यूज पॉलिथीन कैरी बैग जब्त किए और पांच दुकानदारों से कुल 3000 रुपये का जुर्माना वसूला। अधिकारियों ने ठेला व गुमटी संचालकों को पॉलिथीन की जगह कागज के पैकेट या कपड़े के थैले का उपयोग करने की समझाइश दी। टीम ने चिकन और अन्य दुकानों से पॉलिथीन जब्त किया और चेतावनी दी कि दोबारा प्रतिबंधित कैरी बैग मिलने पर जुर्माने की राशि दोगुनी की जाएगी। इसी दौरान नाली में गोबर बहाने और खुले में मवेशी छोड़ने वाले एक डेयरी संचालक को नोटिस जारी किया गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मवेशियों को खुले में छोड़ने पर उन्हें जब्त कर अतिरिक्त जुर्माना वसूला जाएगा। अभियान में राजस्व विभाग के दुर्गेश गुप्ता, जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी अमित चंद्राकर, मंगल कुर्रे, किशोर रामटेके और पीआईयू विजय कश्यप सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अभियंता दिवस पर नवाचार और भविष्य की तकनीक पर जोर

**भिलाई, 19 सितम्बर।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा इंजीनियर्स भवन में 58वां अभियंता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक ए.के. चक्रबर्ती मुख्य अतिथि, आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय डीप टेक एंड इंजीनियरिंग एक्सीलेंस ~ ड्राइविंग इंडिया'स टेक एड रखा गया। मुख्य वक्ता प्रो. संजय तिवारी ने डीप टेक्नोलॉजी के महत्व, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, अनुसंधान ढांचे को सशक्त बनाने तथा भारत की 2014 से 2025 तक की तकनीकी यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया से लेकर हरित ऊर्जा तक भारत ने टेक एड के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव प्रकाश ने क्वांटम कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स और डीप लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को 21वीं सदी का भविष्य बताते हुए उद्योग, अकादमिक संस्थानों और अनुसंधान इकाइयों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आईआईटी भिलाई द्वारा बस्तर में ड्रोन दीदी के माध्यम से कृषि और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। मुख्य अतिथि ए.के. चक्रबर्ती ने कहा कि डिजिटल युग में आने वाले वर्षों में मानव संसाधन की आवश्यकता लगभग 30 प्रतिशत तक घट सकती है। ऐसे में अभियंताओं को नई तकनीकों और नवाचार के साथ खुद को तैयार करना होगा। समारोह में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), भिलाई शाखा द्वारा प्रो. राजीव प्रकाश को लाइफटाइम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न महाविद्यालयों के 11 इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विक्की कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मानसेवी सचिव नागेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

# कैबिनेट मंत्री से महापौर ने की मुलाकात,शहर की प्रकाश व्यवस्था के लिए की 40 लाख की मांग



**दुर्ग,19 सितम्बर।** नगर पालिक निगम क्षेत्र में लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था की समस्या बनी हुई थी। विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी थीं, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। त्योहारों का सीजन नजदीक होने के कारण इस समस्या का समाधान त्वरित रूप से जरूरी था। इसी उद्देश्य से आज महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की।

महापौर ने मंत्री को बताया कि निगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्ट्रीट लाइटों को बदलने और नई लाइट लगाने की आवश्यकता है। लेकिन महापौर निधि, पार्षद निधि और निगम मद से इतनी बड़ी राशि का प्रावधान संभव नहीं है। इस कारण नागरिकों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है और दीपावली जैसे बड़े पर्व के पहले प्रकाश व्यवस्था में सुधार आवश्यक है।महापौर की मांग पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने तुरंत सकारात्मक रुख अपनाया। उन्होंने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर शासन को भेज दी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि दीपावली के पहले शहर की प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और वार्डों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने मंत्री के इस निर्णय पर आभार जताते हुए कहा कि इस राशि से नगर पालिक निगम को बड़ी राहत मिलेगी और दीपावली पर पूरा शहर रोशनी से जगमगा उठेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कार्य प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा।

# अमृत सरोवर तालाब आजीविका का सशक्त केंद्र,महिलाओं को हो रहा लाभ

**दुर्ग, 19 सितम्बर ।** ग्राम पंचायत बोरिंदा में निर्मित अमृत सरोवर अब सिर्फ जल संरक्षण का साधन नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए सशक्त आजीविका का केंद्र बन चुका है। इस तालाब के माध्यम से शीतल स्वास्थ्य समूह की 12 महिला सदस्य संगठित होकर मछली पालन कर रही हैं। मनरेगा योजना के अंतर्गत बना यह अमृत सरोवर अब ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सफल उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। तालाब में अब तक 1,00,000 से अधिक मछलियों (बीज) का संचयन किया गया है और नियमित उचित आहार फीड व बीज की व्यवस्था की जा रही है ताकि उत्पादन बढ़े और मछलियों की सेहत बनी रहे।

शीतल स्वास्थ्य समूह की महिलाएं ने बताया कि यह काम उन्हें नियमित आमदनी देने की संभावनाएँ दिखा रहा है। उनकी योजना अब इस गतिविधि को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने की है, जिससे भविष्य में और अधिक लाभ मिल सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन का भी एक सशक्त स्रोत बन सकता है। बोरिंदा की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही संसाधन व समर्थन हो, तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

इस तालाब के किनारों पर लगभग 10-15 एकड़ क्षेत्र में किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल रही है जिससे खरीफ एवं रबी दोनों में फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। तालाब में 10,000 घन मीटर पानी का भंडारण संभव है। इसके अलावा तालाब के किनारे आम, बरगद, पीपल, नीम, बादाम, अशोक जैसे लगभग 60 पौधे रोपित किए गए हैं, जिससे हरियाली बढ़ी है और पर्यावरण को भी लाभ मिला है। जिले में अब तक कुल 123 अमृत सरोवरों का निर्माण हो चुका है, जिनमें से 65 सरोवरों में महिलाओं द्वारा आजीविका गतिविधियाँ शुरू हुई हैं। प्रत्येक समूह में लगभग 10-10 महिलाएँ सक्रिय हैं, जिससे कुल मिलाकर लगभग 650 महिलाएँ इन तालाबों से मछली पालन के माध्यम से लाभ उठा रही हैं। तालाबों के किनारे मछली सुखाने के लिए चबूतरे बनाए गए हैं, जिससे मछली प्रसंस्करण और विपणन में सुविधा हो रही है। ग्रामवासियों द्वारा किए जा रहे मछली पालन से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है, बल्कि ग्राम पंचायत की आय में भी वृद्धि हो रही है।

### उचित मूल्य दुकानों में शक्कर वितरण में अनियमितता पर कार्रवाई जारी

**रायपुर, 19 सितम्बर।** उचित मूल्य दुकानों में हुई अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, उचित मूल्य दुकान संचालक से राशि वसूली के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2021 से 2023 के बीच हुई अनियमितता के कारण 166 उचित मूल्य दुकानों को निलंबित तथा 153 दुकानों को निरस्त किया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उचित मूल्य दुकानदारों से 87 प्रतिशत वसूली का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 22 उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। वर्ष 2021 से वर्ष 2023 के दौरान उचित मूल्य दुकान से 115 करोड़ रूपए मूल्य के 41210 क्विंटल शक्कर गायब होना बताया गया है, जबकि खाद्य विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2021 से वर्ष 2023 के बीच उचित मूल्य दुकानों में हुई अनियमितता की जांच सितंबर 2022 में की गई थी। बचत स्टॉक में 15,280 क्विंटल शक्कर की कमी पाई गई थी, जिसका अनुमानित मूल्य 5.49 करोड़ रूपये है।

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**दुर्ग, 19 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का आज प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों सहित रायपुर से एक साथ प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रेरणादायक संदेश ग्रामीण महिलाओं के नाम प्रसारित किए गए। जिले के अंतर्गत विभिन्न जनपद पंचायतों में इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# जल जीवन मिशन से ग्रामवासियों को मिल रहा हर घर शुद्ध जल



**रायपुर,19 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2019 को प्रारंभ किए गए जल जीवन मिशन का उद्देश्य देश के प्रत्येक ग्रामीण घर तक सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार इस संकल्प को मूर्त रूप दे रही है।प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल के लिए घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है। स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत भवनों, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों और सामुदायिक भवनों में काम लायक नल कनेक्शन प्रदाय कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है। जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम ठुठीअम्बा के प्रधानटोली में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजना संचालित की गई है। यहां हर घर तक टंकी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। टंकी को सौर ऊर्जा पैनल से जोड़ा गया है, जिससे बिजली की समस्या भी नहीं रहती और ग्राम पंचायत को सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। गांव की पूर्व सरपंच श्रीमती बुधनी बाई बताती हैं कि हर घर में नल से पानी पहुँच रहा है। पहले पीने के पानी के लिए हमें हैंडपंप और कुओं पर निर्भर रहना पड़ता था, जिसमें काफी समय और मेहनत लगती थी। अब नल से पानी आने से हमें शारीरिक थकान से मुक्ति मिली है और समय की बचत भी होती है।÷ इसी तरह श्रीमती बसंती बाई का कहना है कि÷अब हमें घर बैठे ही पीने और खाना पकाने के लिए शुद्ध पानी मिल जाता है। इससे जीवन बहुत आसान हो गया है। ग्रामीण बताते हैं कि जल जीवन मिशन के पहले गर्मियों में जल स्तर नीचे चले जाने से हैंडपंप और कुओं से पानी लाना कठिन हो जाता था। बरसात के मौसम में दूषित पानी से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता था। लेकिन अब पानी की नियमित जाँच होती है और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है।

एक नजर

## विश्वकर्मा पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**तिल्दा नेवरा, 19 सितंबर।** ग्राम - सिर्वे में भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन था जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य शैल साहू महेंद्र साहू सम्मिलित हुए एवं भगवान श्री विश्वकर्मा जी आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनपद सदस्य श्री नरसिंह वर्मा , जनपद सदस्य देवव्रत शर्मा एवं सरपंच तारकेश्वर बंजारे जी साथ ही सभी पंचगण उपस्थित रहें।

## राजस्व मंत्री ने नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण



**बलौदाबाजार, 19 सितंबर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को जिला प्रवास के दौरान विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कंजी में नवनिर्मित पंचायत भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं पंचगण उपस्थित थे। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि लगभग 10 लाख रुपये की लागत से नया पंचायत भवन बना है। नया भवन बन जाने से पंचायत प्रतिनिधियों को सहूलियत होगी। भवन की देख -रेख पर ध्यान देना होगा। पंचायत के विकास के लिए मिलजुल कर बेहतर योजना बनाएं। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रही है।

## समन्वयक एवं एमआईएस सहायक की नियुक्ति के लिए दावा-आपत्ति 22 तक

**बलौदाबाजार,19 सितम्बर।** जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा उपरांत सूची तैयार की गई है। आवेदक सूची के सम्बन्ध में दावा आपत्ति 22 सितंबर 2025 अपरान्ह 3:30बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलौदाबाजार में कर सकते है। सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट में किया जा सकता है।

## श्रमिक महासम्मेलन में जिले के 4555 श्रमिकों के खाते में ढाई करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित



**बलौदाबाजार, 19 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर बुधवार को श्रम विभाग द्वारा सरदार बलबीर सिंह जुनेजा, इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन का आयोजन किया गया।महासम्मेलन में जिले के 4555 श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उनके खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से 2 करोड़ 50 लाख 72 हजार 6 सौ 72 रूपये हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम में जिले के अपंजीकृत श्रमिक रहमत बेग निवासी ग्राम पासीद, तहसील भाटापारा के मृत्यु के पश्चात विशेष प्रकरण मानतें हुए मण्डल की बैठक में अनुमोदन प्राप्त कर मृतक के नॉमिनी सुब्रत्त बी को मुख्यमंत्री द्वारा 1,00,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने विभाग अंतर्गत संचालित दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत प्रदत्त राशि 100000 को बढ़ा कर 1,50,000 दिये जाने कि घोषणा की।

## जिले के अस्पतालों में किया योग दिवस का आयोजन

**कोरिया 19 सितंबर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत आज जिलेभर में नारी आरोग्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर/सब-हेल्थ सेंटरों में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना रहा कि एक महिला स्वस्थ होगी, तभी परिवार स्वस्थ और सशक्त बनेगा। इसी दिशा में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने का संकल्प भी लिया गया। आयोजित योग गतिविधियों ने महिलाओं को स्वस्थ मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करने का संदेश दिया। इस दौरान सामुदायिक स्तर पर महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की देखभाल हेतु सामूहिक शपथ भी ली।

# प्रदेश के हर युवा को रोजगार दिलाना सरकार का है लक्ष्य : टंकराम

### कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र : गुरु खुशवंत साहेब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 19 सितम्बर।** जिला प्रशासन द्वारा आज भव्य रोज़गार मेले का आयोजन स्वामी आत्मानंद उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में किया गया। रोजगार मेले में राजस्व मंत्री मंत्री श्री टंक राम वर्मा और कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए।

रोजगार मेला में कैबिनेट मंत्री द्वय ने र 75 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया जिसमें हम होंगे कामयाब अभियान के तहत 60 और जिला रोज़गार कार्यालय के माध्यम से 15 युवा शामिल है। युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारा प्रदेश युवाओं का प्रदेश है ।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का विजन है कि प्रदेश में हर युवा को रोज़गार मिले।इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार उच्च शिक्षा की दिशा में लगातार नए प्रयत्न कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की यही कोशिश है कि कॉलेज की पढ़ाई ख़त्म होते ही युवाओं को रोजगार मिले। इस अवसर पर कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हार्ड वर्क से कभी पीछे मत हटिये,कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है।छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य की ज़िम्मेदारी ली है इसलिए शासकीय और निजी हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार का फोकस है।हमारे प्रदेश में भविष्य की ज़रूरत को देखते हुए साढ़े तेरह एकड़ में एआई हब का निर्माण किया जाएगा जिसका लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलेगा। उन्होंने शतकीय इंजीनियिंग कॉलेज में स्थित आई हब में स्थित लैब के विषय में युवाओं को जानकारी दी। रोजगार मेले में 1458 पदों के विरुद्ध 1300 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।इन पदों पर युवाओं की योग्यता एवं रुचि के अनुरूप उन्हें रोजगार मिलेगा।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,जिला अध्यक्ष आनंद यादव, भारत स्काउट गाइड के अध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य की परम धर्म संसद 1008 के सेवालयों से जुड़ेंगे : विनोद मेघाणी



**रायपुर 19 सितंबर।** ज्योतिर्मठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज द्वारा देश के चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व में गठित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री, सिंधी समाज के प्रख्यात संत साईं जलकुमार मसन्द साहिब 16 व 17 सितम्बर को बिलासपुर के दो-दिवसीय प्रवास पर रहे। उन्होंने 16 सितम्बर को वहां आयोजित मांढर वाली माता के जन्मोत्सव में भाग लिया तथा 17 सितम्बर को सेन्ट्रल सिंधी पंचायत, वार्ड पंचायतों, समाजसेवी एवं धार्मिक संगठनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर सिंधी समाज के संतों एवं नेताओं को देश, धर्म व जगत के कल्याण के साथ-साथ अपने सिंधी समाज के वर्तमान एवं भविष्य को सुखद व सुरक्षित बनाने हेतु ज्योतिर्मठ बद्रीनाथ के वर्तमान जगतगुरू शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज से जुड़ने के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। साईं मसन्द साहिब ने बताया कि ढाई हज़ार वर्ष पूर्व आदिशंकराचार्य महाराज ने उनके द्वारा स्थापित चारों पीठों के दायित्व विभाजन में सिंध वासियों का दायित्व ज्योतिर्मठ के अंतर्गत निर्धारित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि वस्तुतः मानव जीवन का व्यक्तिगत चाहे सामाजिक प्रत्येक कार्य सनातन वैदिक ज्ञान के अनुरूप होना आवश्यक है।

## वाहन की बैटरी चोरी करने के मामले में 4 लोगों को किया गया गिरफ्तार



**सिमगा, 19 सितंबर।** प्रार्थी सोहन सिंह मैनेजर श्वेता एग्रो फार्म कॉलोनी ग्राम कामता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 07.09.2025 को रात्रि में श्वेता एग्रो फार्म की दो ट्रैक्टर में एक हाइड्रा वाहन फॉर्म बाउंड्री वालों के अंदर खड़ी थी। दिनांक 08.09.2025 के सुबह 07:00 बजे जाकर देखा तो तीनों वाहनों में बैटरी नहीं था। किसी अज्ञात चोर द्वारा स्वेता एग्रो फार्म के बाउंड्री अंदर घुसकर हाइड्रा एवं ट्रैक्टर से कुल 03 नग बैटरी कीमती 15000 को चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध र. 504/2025 धारा 331(4),303(2) बीएनएस का प्रकरण पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैटरी चोरी करने वाले आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रारंभ किया गया। साथ ही मूखबिरों के माध्यम से भी अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। कि इसी बीच पुलिस द्वारा मामले में चार संदेहियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा श्वेता एग्रो फार्म ग्राम कामता की बाउंड्री वाल से कूदकर उक्त तीनों वाहनों से 03 नग बैटरी चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से चोरी का एक नग बैटरी एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। कि प्रकरण में सभी 04 आरोपियों को आज दिनांक 18.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम- 1. त्रिलोचन उर्फ बग्गा यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम पौसरी थाना सिमगा 2. निखिल यादव उम्र 20 साल निवासी ग्राम पौसरी थाना सिमगा 3. महेश यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम पौसरी थाना सिमगा 4. रतन यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम पौसरी थाना सिमगा।

## नगर के मुक्तिधाम परिसर में चला स्वच्छता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### सेवा पखवाड़ा



**भाटापारा, 19 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर मंडल भाटापारा द्वारा हथनीपारा एवं मुंशी स्माईल वार्ड स्थित मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अंतर्गत प्रातः 7 बजे से मुक्तिधाम में साफ़्ससफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने हथनीपारा मुक्तिधाम एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मुंशीस्माइल वार्ड मुक्तिधाम में श्रमदान कर परिसर की सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए आमजन से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की तथा स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी गई।

शिवरतन शर्मा ने सेवा ही संस्कार-स्वच्छता ही संकल्प हैं कहते हुए कहा की स्वच्छता केवल सफाई नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। हम सब मिलकर इस अभियान को जीवन का हिस्सा बनाएं और प्रधानमंत्री के सपनों का स्वच्छ और सशक्त भारत बनाने में योगदान दें।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की स्वच्छ भारत का संकल्प तभी सार्थक होगा जब हम सभी श्रमदान और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

आइये हम सभी , मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भाटापारा तथा नए छत्तीसगढ़, नए भारत के निर्माण में योगदान दे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु , जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, कार्यक्रम प्रभारी आशीष जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष द्वय डॉ मोहन बांधे, ओमप्रकाश रात्रे, सभापति सतीश तलरेजा, कुंजराम कोशले, भाजपा नेता राजा कामनानी, व्यास यदु, महाबल बघेल, पुरुषोत्तम यदु, दशरथ साहू, हेम कामरी, नारायण साहू, संतोष सोनी, पार्षद श्रीमती संध्या साहू, सतीश साहू, गोवर्धन डहरिया, उमाशंकर वर्मा, नंदू वैष्णव, बंटी टंडन, प्रत्येश राठौर, बब्बू मंधान, युवा कार्यकर्त्ता निकेश साहू, शुभम राजपूत, चेतन वर्मा, पीयूष साहू, सुमित यदु, शिव अनंत, किशन यदु, अभिषेक नायक, सुरेंद्र डागोर, मो हारून, रविंद्र ठाकुर,अजीत निषाद,राजू पटेल ,महिला मोर्चा से नीरा साहू आयशा खाना, जयश्री शर्मा, तनूजा रेखा, सहित पार्टी पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सेवा पर्व पर ढेबीखार से रवान तक की जल-जंगल यात्रा

### जल-जंगल की रक्षा करने तथा स्वच्छ व हरित पर्यावरण बनाए रखने लिया संकल्प



**बलौदाबाजार, 19 सितम्बर।** वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बुधवार को अमगांव सर्किल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल ढेबीखार से रवान तक जल-जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल-जंगल की रक्षा करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण को बनाए रखने का संकल्प लिया।यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न एसएमसी संरचनाओं की जानकारी दी गई तथा जल एवं जंगल संरक्षण से जुड़े विषयों पर उपयोगी ज्ञान साझा किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों में पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गायत्री बरिहा, ग्राम पंचायत ढेबीखार के सरपंच, परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, शाला प्राचार्य,शिक्षकगण, विद्यार्थी ग्रामवासी ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## किरणदेव,टंकराम संगीत चिकित्सा कार्यक्रम में हुए शामिल

### टाउन हाल में पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**रायपुर, 19 सितंबर।** कलेक्ट्रेट स्थित टाउन हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने अवलोकन किया। इस दौरान टाउनहॉल में छत्तीसगढ़ हार्मोनिका क्लब रायपुर द्वारा योग एवं संगीत चिकित्सा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। यह क्लब एक विशिष्ट संगीत एवं सांस्कृतिक संस्था है, जिसमें केवल मुख से बजने वाले विभिन्न वाद्य यंत्रों के माध्यम से चिकित्सा के लिए जनजागरण किया जाता है। उनकी प्रस्तुति देखकर श्री किरण देव के अंदर का कलाकार जागृत हुआ। उन्होंने मंच में जाकर तबला बजाया तथा एक गीत भी गया। फिर क्या था मंत्री टंकराम वर्मा ने भी माइक थामा और उपस्थित लोगों को एक गीत सुनाया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, मितुल कोठारी, सत्यम दुआ, अकबर अली, अमित मैसेरी, संजू सिंह ठाकुर एवं नवीन शर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## काव्य-पाठ प्रतियोगिता 23 को

**बलौदाबाजार, 19 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग, रायपुर द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संभाग स्तरीय काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन टाउन हॉल घड़ी चौक, रायपुर में 23 सितम्बर 2025 को प्रात:11 बजे से आयोजित किया जाएगा। 15 से 29 वर्ष के युवा गूगल फॉर्म में पंजीयन कर प्रतियोगिता में अपनी सहभागीता सुनिश्चित कर सकते है।अधिक जानकारी कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार में सम्पर्क कर सकते है। काव्य-पाठ प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रस्तुति का समय अधिकतम 05 मिनट का होगा।प्रत्येक प्रतिभागी को केवल 1 कविता प्रस्तुत करने की अनुमति होगी। कविता हिन्दी अथवा छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा। कविता हिंसात्मक, अपराधिक, आपत्तिजनक तथा अनुचित ना हो। कविता में जाति, धर्म, नस्ल, रंग आदि का भेदभाव न हो कविता मौलिक अथवा किसी प्रसिद्ध कवि की रचना हो सकती है लेकिन पूर्व प्रकाशित प्रसिद्ध कविता प्रस्तुत करने पर कवि का नाम अवश्य लेना होगा। मौलिक रचना प्रस्तुत करने वालों को प्राथमिकता दिया जाएगा। उच्चारण, गाव-भगिमा, शुद्धता, प्रस्तुति कला, भावानुकूलता एवं विषय की प्रासंगिकता के आधार पर प्रतिभागियों को अंक प्रदाय किया जाएगा ।

## पोषण आहार के बारे में बच्चों को किया गया जागरूक

### 600 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**बलौदाबाजार, 19 सितम्बर।** महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्यतारतम्य में गुरुवार को शासकीय हाई स्कूल गोढ़ी एवं अमलीडीह में शिक्षकों की उपस्थिति में पोषण आहार के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया।स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में लगभग 600 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत मोटापे का समाधान जैसे-चीनी और तेल की खपत कम करना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एंव शिक्षा पोषण भी पढ़ाई भी, एक पेड़ मां के नाम, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार की प्रथाएँ, मेन-स्ट्रीमिंग(पोषण जागरूकता में पुरूषों की भुमिका) एवं विभागीय योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।साथ ही स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिला अस्पताल बलौदाबाजार, उपस्वास्थ्य केन्द्र, लटुवा, करमदा, सकरी, पनगांव, टिपावन-1,2, नवागांव-1,2, ठेलकी, नवागांव, डमरू, ताराशिव, अर्जुनी, कोकड़ी मे स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं एवं बच्चों, वयस्कों का स्वास्थ्य जांच जैसे हीमोग्लोबिन की जांच, शुगर, बी.पी., खून की जांच, मोटापा, बीएमआई स्क्रीनिंग एवं विकास मापन,गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## रक्तदान व हेलमेट वितरण कर दिया जीवन सुरक्षा का संदेश

### गरियाबंद में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत



**गरियाबंद, 19 सितंबर।** सेवा पखवाड़ा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर से हुई। इस अवसर पर सभी रक्तवीरों को प्रमाणपत्र के साथ-साथ सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता के संदेश स्वरूप हेलमेट भी उपहार में दिए गए। यह अनूठी पहल जहाँ एक ओर रक्तदान के माध्यम से जीवनदान का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर हेलमेट से स्वयं के जीवन की सुरक्षा का संकल्प दिलाती है। भारतीय जनता पार्टी, जिला गरियाबंद द्वारा आयोजित इस शिविर में युवाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों, कर्मचारियों और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आयोजन को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। विधायक रोहित साहू ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह किसी को जीवन देने का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी जी का जीवन सेवा और समर्पण का उदाहरण है, उसी भाव को आगे बढ़ाने का अवसर हमें आज मिला है। खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि रक्तदान और सड़क सुरक्षा दोनों ही जीवन बचाने के संकल्प हैं। हेलमेट वितरण से समाज में नई सोच का संचार होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रक्तदान जैसे कार्यक्रम समाजहित में सकारात्मक संदेश देते हैं और सभी को प्रेरित करते हैं। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि सेवा का कार्य ही भाजपा की पहचान है। रक्तदान से जीवन बचता है और यह कार्य मानवीय मूल्यों को और ऊँचाई देता है। इस अभियान से समाज में जागरूकता और सेवा भाव दोनों का विस्तार होगा। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने भी अपने विचार रखे और सेवा पखवाड़ा को समाजहित में ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे- भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, गुरुनारायण तिवारी, प्रीतम सिन्हा जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, मनीष सिन्हा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर कलेक्टर बी. एस. उइके, सीईओ प्रखर चंद्राकर, सीएमएचओ यू. एस. नवरत्न एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ अरविंद नाथ तिवारी जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, सभापति शिवांगी चतुर्वेदी मंडल अध्यक्षगण सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, रिकेश साहू, शिवशंकर जायसवाल, पुष्पा साहू, सरला विके, प्रियंका सोनी, जमुना।

## तिल्दा राज की बैठक में 19 प्रकरणों का निवारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 19 सितंबर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज का प्रकरण बैठक कुर्मी बोर्डिंग में राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस अवसर पर 30 प्रकरणों में से 19 प्रकरणों का निवारण किया गया साथ हीं युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में रूक्ररू हॉस्पिटल खरोरा के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सर्व समाज के 80 लोगो ने अपना इलाज करा कर निःशुल्क दवाई प्राप्त किया जिसमें , क्क्क , शुगर , सर्दी,ख़ासी,बुख़ार,सिर दर्द ,कमर दर्द , पेट दर्द ,हाथ पैर दर्द आदि समस्या थी । युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की समाज के राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा तथा वारिस्ट जनो ने मुझे जो अहम ज़िम्मेदारी मुझे दी है मैं उसपर खरा उतरने की पूरी कोशिस करूँगा साथ था समाज में कोई भी पद हमे सेवा के लिए नियुक्त किया जाता है चाहे वह कोई भी पद में समाज के पदाधिकारी होने पर हमे सिर्फ़समाज का ही हित सोचना चाहिए और समाज को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए इसके लिए कार्य करना चाहिए । यह स्वास्थ्य शिविर मेरे युवा कार्यकर्णी के सहयोग के बिना असंभव हो जाता ।राजमंत्री दौलत धुरंधर ,अनिल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष जीवन ज्योति रक्तदान समिति छत्तीसगढ़ ,युवा मुख्य संरक्षक सोमनाथ पैकारा ,पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष नुतन कुमार बंछोर , पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष कपिल कश्यप ,युवा महामंत्री अनिल वर्मा (विश्रामपुर), देवेंद्र वर्मा जोता सरपंच , संदीप वर्मा सतभावा सरपंच , विश्वनाथ वर्मा , मनहरण वर्मा , ऋषि वर्मा , प्रवीण वर्मा उपराज मंत्री आदि वरिस्टजन मेरा हर कदम पर मार्गदर्शन करते आए है । साथ ही आशीस वर्मा , शुभम् पैकरा, योगेश वर्मा ,प्रवीण वर्मा ,संजय वर्मा , कृष्णकांत वर्मा , मनीष वर्मा ( ताराशिव सरपंच प्रतिनिधि ) ,रवि वर्मा , पंकज वर्मा , हर्ष वर्मा , दिलीप वर्मा , मुकेश वर्मा , प्रदीप वर्मा , राजा वर्मा ,मनीष वर्मा (मोहरा) आदि सभी युवा कार्यकारणी ने मेरा इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया है ।

## संपादकीय

# आरोप से साबित कुछ नहीं होता

राजनीति में आरोप लगाना सबसे आसान होता है, कोई भी किसी पर भी आरोप लगाता रहता है, बदले में दूसरा भी आरोप लगाता है, राजनीति में आरोप प्रत्यारोप चलता रहता है, आरोप के साथ जो राजनीतिक दल कोई सबूत पेश करता है, मामले को कोर्ट में जाता है तो दूध का दूध व पानी का पानी होता है। ऐसे राजनीतिक दल व नेता पर लोग यकीन करते हैं। जो नेता हमेशा खाली आरोप लगाता रहता है,दूसरे की आलोचना करता रहता है, उस पर जनता यकीन नहीं करती है। राहुल गांधी कांग्रेस के ऐसे ही नेता हैं जो आरोप लगाते हैं,आरोप लगाते वक्त कहते जरूर है,सबूत है लेकिन पेश नहीं करते हैं, कोर्ट जाने से डरते हैं। सबूत है तो कोर्ट जाना चाहिए और साबित करना चाहिए कि गलत हुआ है तो कैसे हुआ है। राहुल गांधी ने दूसरी बार प्रेस कांफ्रेंस करने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है। इस बार उन्होंने कहा है कि एक जगह आलंद आनलाइन लोगों के नाम काटे गए हैं,एक जगह महाराष्ट्र के राजुरा जोड़े गए हैं। उनका कहना है कि किसी बाहरी ताकत ने सिस्टम को हाईजैक कर वोट डिलीट किए थे, वह यह भी कहते हैं कि वोट डिलीट करने का प्रयास किया गया था। उनकी बात से ही यह साफ नहीं है कि वोट डिलीट किए गए थे या डिलीट करने की कोशिश की गई थी। वह यह भी कहते हैं कि हमे पता नहीं कि 2023 के चुनाव में कुल कितने वोट डिलीट किए गए थे,वह यह बता नहीं पाए कि कैसे यह किया गया। चुनाव आयोग का कहना है कि आनलाइन वोटर का नाम डिलीट नहीं किया जा सकता, राहुल गांधी के सारे आरोप निराधार व गलत हैं। कर्नाटक में वोट डिलीट करने का प्रयास हुआ था, चुनाव आयोग ने एफआईआर दर्ज कराई थी और सीआईडी को मांगी गई सारी जानकारी दे दी गई है। राहुल गांधी के तमाम आरोपों की चुनाव आयोग ने जवाब दे दिया है, इससे साफ हो जाता है कि राहुल गांधी का दूसरी बार भी आरोप लगाना व्यर्थ गया।देश में लोगों का कहना है कि राहुल गांधी के पास चुनाव आयोग के गड़बड़ी करने के सबूत हैं तो उनको कम के कम कोर्ट तो जाना चाहिए, वह आरोप लगा रहे, कोर्ट नहीं जा रहे तो साफ हो जाता है कि उनके पास कोई सबूत नहीं है।

## अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस-21 सितम्बर

# युद्ध-आतंक के दौर में शांति के लिये भारत की पुकार

✍ ललित गर्ग





अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस, जिसे प्रतिवर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है, आज के समय की सबसे बड़ी मानवीय आवश्यकता की याद दिलाता है। जब पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, जलवायु संकट और असमानताओं के दौर से गुजर रही हो, तब शांति का महत्व केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार बन जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्धों ने मानव सभ्यता को केवल विनाश ही दिया है। दो विश्वयुद्धों में करोड़ों लोगों की जान गई, असंख्य परिवार उजड़ गए और सभ्यता के सपनों पर गहरी चोट लगी। आज भी यूक्रेन से लेकर सीरिया, अफगानिस्तान और अफ्रीका तक की धरती पर संघर्ष और आतंकवाद की आग धधक रही है। निर्दोष नागरिक, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक पीड़ा झेल रहे हैं। शरणार्थियों की भीड़, विस्थापितों के आँसू और टूटे हुए घर-परिवार इस बात का सबूत हैं कि युद्ध और आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि और बड़ी समस्या पैदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना ही इसी उद्देश्य से हुई थी कि विश्व में शांति और सहयोग कायम हो। इसी क्रम में 1981 में महासभा ने 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस घोषित किया, ताकि पूरी दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि युद्धविराम, संवाद और अहिंसा ही मानव सभ्यता की रक्षा कर सकते हैं। इस दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति की घंटी बजाई जाती है, जो यह प्रतीक है कि जब तक धरती पर शांति नहीं होगी, तब तक जीवन सुरक्षित नहीं हो सकता।

आज विज्ञान और तकनीक ने मानव को अभूतपूर्व शक्ति और संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही भय, हिंसा, तनाव और असुरक्षा भी बढ़ी है। परमाणु हथियारों की दौड़ ने धरती को विनाश के कगार पर ला खड़ा किया है। आर्थिक असमानताएँ और संसाधनों की होड़ युद्धों और संघर्षों को जन्म दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट नए विवादों एवं संकटों को जन्म दे रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि एक चेतावनी और आह्वान है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम हिंसा और युद्ध की संस्कृति से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सहयोग की संस्कृति को स्थापित कर सकते हैं, क्या हम धर्म, जाति और राजनीति की संकीर्णताओं से निकलकर एक वैश्विक परिवार के रूप में जी सकते हैं, क्या हम शिक्षा, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन और समाज का आधार बना सकते हैं।

विश्व शांति की दिशा में भारत का योगदान हमेशा से उल्लेखनीय रहा है और वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार वसुधैव कुटुंबकम् और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश देकर मानवता को एक साझा परिवार के रूप में देखने की दृष्टि दी है। संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर मोदी ने संवाद, कूटनीति, अहिंसा और सहअस्तित्व को संघर्ष और युद्ध से बेहतर विकल्प बताया है। भारत के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शांति और सतत विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी गई। आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग, योग को विश्व स्तर पर शांति और मानसिक संतुलन का साधन बनाना, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनियाभर विश्व अहिंसा दिवस मनाने जैसे प्रयास भी विश्व शांति को दीर्घकालिक आधार प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि शांति केवल संघर्षों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। उनके नेतृत्व में भारत विश्व को न केवल आर्थिक और राजनीतिक सहयोग दे रहा है, बल्कि नैतिकता, अहिंसा, योग और सांस्कृतिक रूप से भी शांति की राह दिखा रहा है।

महात्मा गांधी ने कहा था-शांति का कोई रास्ता नहीं, शांति ही रास्ता है। गांधी का यह विचार आज और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। नेल्सन मंडेला ने भी कहा था-शांति का निर्माण हथियारों से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और मेल-जोल से होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस बार-बार यह चेतावनी देते रहे हैं कि दुनिया को हथियारों की नहीं, बल्कि कूटनीति और संवाद की आवश्यकता है। शांति केवल एक आदर्श नहीं, यह सभी के जीवन और विकास का अधिकार है। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया, वह आज भी वैश्विक शांति की सबसे बड़ी आशा है। स्वामी विवेकानंद ने भी विश्व धर्म महासभा में यह संदेश दिया था कि समस्त धर्म मानवता को जोड़ने के लिए हैं, बाँटने के लिए नहीं। आज संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत की भूमिका सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण है, भारतीय सैनिक और अधिकारी अनेक देशों में जाकर शांति स्थापना के मिशनों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। भारत ने न केवल सिद्धांतों से बल्कि व्यवहार में भी यह दिखाया है कि शांति उसका मूल आदर्श है। इन विचारों और योगदानों की गूंज आज के समय में हमें सचेत करती है। अगर मानवता को बचाना है तो युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को छोड़कर केवल शांति को अपनाना होगा। जब व्यक्ति, समाज और राष्ट्र स्तर पर शांति की चेतना जागेगी तभी सभ्यता का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यही प्रेरणा देता है कि हम सहअस्तित्व, करुणा और संवाद की राह पर चलें और पूरी दुनिया को भय और हिंसा से मुक्त करके एक शांति और समरसता से भरा वैश्विक परिवार बनाएं।

संघर्ष की अग्रिम पंक्तियों पर तैनात शांति सैनिकों से लेकर समुदाय के सदस्यों और दुनिया भर के कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों तक, हर किसी की शांतिपूर्ण विश्व संरचना में महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें हिंसा, नफ़रत, भेदभाव और असमानता के खिलाफ़ आवाज़ उठानी होगी; सह-अस्तित्व का अभ्यास करना होगा; और अपनी दुनिया की विविधता को अपनाना होगा। शांति-स्थापना की कार्रवाई करने के कई तरीके हैं। समझदारी, अहिंसा और निरस्त्रीकरण की तत्काल आवश्यकता के बारे में बातचीत शुरू करें। अपने समुदाय में स्वयंसेवा करें, अपनी आवाज़ से अलग आवाज़ों को सुनें, अपने कार्यस्थल पर भेदभावपूर्ण भाषा एवं व्यवहार को चुनौती दें, ऑनलाइन और ऑफ़लाइन, दोनों तरह से अशांति फैलाने वालों की रिपोर्ट करें, और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले तथ्यों की पुष्टि ज़रूर करें। आप अपनी पसंद के बारे में भी बता सकते हैं, सामाजिक रूप से जागरूक ब्रांडों से सामान खरीदने का विकल्प चुन सकते हैं, या स्थिरता और मानव अधिकारों को बढ़ावा देने वाले संगठनों को दान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकारों को आगे बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से लड़ने, तथा संघर्ष को रोकने और उसका जवाब देने के लिए वैश्विक प्रयासों का नेतृत्व करता है। वह शांति निर्माण आयोग के माध्यम से, जो 2025 में अपनी बीसवीं वर्षगांठ मना रहा है, गरीबी, असमानता, भेदभाव और अन्याय-हिंसा के सभी संभावित कारणों को दूर करने के लिए कार्य करता है। अपने 17 सतत विकास लक्ष्यों के माध्यम से , संयुक्त राष्ट्र समृद्धि बढ़ाने, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बेहतर बनाने, और सभी प्रकार के भेदभाव और अन्याय को समाप्त करने के देशों के प्रयासों का समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक दुनिया भर में कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में काम करते हैं और सभी को कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करते हैं। तथा हाल ही में अपनाए गए भविष्य के लिए समझौते में, संयुक्त राष्ट्र ने उभरती चुनौतियों और अवसरों - जैसे कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का समाधान करने तथा भावी पीढ़ियों की सक्रिय भागीदारी का समर्थन करने का वादा किया है। संयुक्त राष्ट्र के एक्टनाउ अभियान ने दुनिया भर के लाखों लोगों को उन मुद्दों को चुनने, उन पर कार्रवाई करने और उनके प्रभाव को ट्रैक करने में मदद की है जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। शांति स्थापना के कार्य शब्दों से अधिक जन-जीवन में जोर से गूंजें।

## राशिफल

**मेषः** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**बृषभः** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी का स्नेह मिलेगा।

**कर्कः** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**सिंहः** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराशा करेगी। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कन्याः** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुलाः** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आलस्य न करें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**धनुः** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कार्य में समय ब्यर्थ जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा।

**मकरः** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यों में न गंवाए। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।

**कुंभः** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूरे करें।

**मीनः** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्यों से परिजनों के दिल में जगह बनाये विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति से प्रसन्न रहेंगे।

## राष्ट्रीय भाषा?....

# भारत में हिंदी अब संपर्क की सबसे अधिक बोलने वाली भाषा

✍ अजय दीक्षित




मेरे एक मित्र है जो तेलंगाना में तिरुचिरापल्ली में रहते है और प्रवर्तन निदेशालय में उच्च पद पर कार्यरत हैं लेकिन वे तेलगु भाषी हैं। वे अक्सर दिल्ली में अधिकारियों से बात करते रहते हैं। 20 वर्षों पहले उनकी हिंदी बहुत ही कमजोर या तो समझो कि न के बराबर थी लेकिन आजकल वे बहुत ही खूबसूरत हिंदी बोलते समझते हैं।अभी मुंबई में तीसरी भाषा महाराष्ट्र में पढ़ाने को लेकर विवाद हुआ। शिवसेना के नेता राज ठाकरे ने मराठी मानुष की बात की । लेकिन अब वह समय आ गया है कि हिंदी अपने आप जरूरत के मुताबिक अपना स्थान बना रही है।यहां तक कि अखबारों की रीडरशिप में तो अंग्रेजी को भी मात कर रही है।

जेएनयू में हिंदी पत्रकारिता विभाग प्रवक्ता राम बिहारी पाठक का कहना है कि अब भारत की संपर्क भाषा हिंदी है। अगर आप तेलगु ,तमिल, मलयालम, कन्नड़, मराठी में बोलेंगे तो कोई नहीं समझेगा लेकिन अगर आप टूटी फूटी हिंदी, या अंग्रेजी में संपर्क करें तो लोग समझ सकते हैं कि आप का कहना क्या है। हिंदी को आगे बढ़ाने में टेलीविजन, राजनीति का बहुत बड़ा सहयोग है। कन्नड़ भाषी मल्लिकार्जुन खड़गे, तमिल भाषी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, शशि थरूर, गुलाम नबी आजाद, असद्दीन ओवैसी,आदि भी सदन में और मंत्रालय में हिंदी बोलते हैं।

हिंदी को राजभाषा का दर्जा है लेकिन राष्ट्रभाषा दर्जा नहीं है। हिंदी आजादी से पहले भारत की आधिकारिक भाषा नहीं थी बल्कि आजादी के बाद हिंदी को संविधान की 15 वीं अनुसूची में शामिल किया गया था।उसमें भारत की 11 प्रमुख भाषाएं दर्ज है जिसमें मलयालम,कन्नाड,तमिल,तेलगु, मराठी,बंगाली,असमी, अंग्रेजी, गुजराती, उर्दू और पंजाबी भाषा दर्ज हैं,बाद में कुछ क्षेत्रीय भाषाओं को स्थान मिला है।

समय समय पर हिंदी को संविधान की राष्ट्रभाषा बनाने के प्रयास हुए मगर तमिलनाडु से इसका विरोध शुरू हुआ।1966 में तो तमिल नेता पेरियार ने भाषाई आधार पर राज्य बनाने की मांग की उसी के चलते तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात,पंजाब, हरियाणा, आदि राज्यों का गठन हुआ। लेकिन हिंदी भाषा को राष्ट्र भाषा स्वीकार नहीं किया। आजादी के बाद हिंदी सिनेमा ने हिंदी को लोकप्रिय बनाया।

महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर, अटल बिहारी वाजपेई, सूर्य कांत त्रिपाठी निराला, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन,आदि कवियों के सहयोग हिंदी के लिए याद किया जाएगा। लेकिन स्व जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री के तौर पर हिंदी को राजकाज में उपयोग करना भी हिंदी के लिए सार्थक रहा । तमिल नाडु के राजनेता दिल्ली आ कर हिंदी सीखते हैं। सोमनाथ चटर्जी,इंद्रजीत गुप्ता भी हिंदी बोलते समझते थे। दक्षिण भारत के नेता के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व नरसिंह राव अच्छी हिंदी बोलते थे।यहां तक कि सोनिया गांधी, सुब्रमण्यम स्वामी, रमेश चीनीथेला,ने भी हिंदी को स्वीकार किया।

अब बात करते हैं नई पीढ़ी की तो वह तो हिंदी बोलती या अंग्रेजी, कॉर्पोरेट में हिंदी का प्रचलन है। महानगरों में केवल चेन्नई को छोड़कर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद, बंगलुरू,पुणे, हैदराबाद, नासिक, भुवनेश्वर,पूरी, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब, असम नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक,में हिंदी ही संपर्क भाषा है।

# सुबह खाली पेट चाय पीने से हो सकते हैं ये नुकसान, न करें गलती

सुबह खाली पेट चाय पीने से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। चाय में कैफीन की मात्रा अधिक होती है, जो खाली पेट पर पड़ने पर गैस, जलन और पेट दर्द जैसी समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसके अलावा खाली पेट पर चाय पीने से पाचन क्रिया भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही चाय पीने की आदत को छोड़ देना चाहिए और पहले कुछ हल्का खा लेना चाहिए, फिर चाय का सेवन करना चाहिए।

**पाचन क्रिया हो सकती है प्रभावितः** खाली पेट पर चाय पीने से पाचन क्रिया पर बुरा असर पड़ सकता है। चाय में मौजूद कैफीन की अधिक मात्रा पाचन के लिए जरूरी तत्वों के संतुलन को बिगाड़ सकती है, जिससे अपच, गैस और पेट दर्द जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा चाय के कारण पेट में जलन भी हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही चाय पीने से पहले कुछ हल्का खा लेना चाहिए और फिर चाय का सेवन करना चाहिए।

**ब्लड शुगर हो सकता है असंतुलितः** सुबह खाली पेट चाय पीने से ब्लड शुगर का स्तर भी प्रभावित हो सकता है। इससे शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे ब्लड शुगर असंतुलित हो सकता है। यह स्थिति मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए खतरनाक हो सकती है। इसके अलावा यह स्थिति स्वस्थ लोगों के लिए भी नुकसानदेह हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही चाय पीने की आदत को छोड़ देना चाहिए और पहले कुछ हल्का खा लेना चाहिए।

**गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए हो सकती है खतरनाकः** खाली पेट पर चाय पीने से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को भी नुकसान हो सकता है। गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त पोषण की जरूरत होती है, जो उन्हें खाने से ही मिल सकता है। खाली पेट पर चाय पीने से उन्हें पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है। इसके अलावा बच्चों का पाचन तंत्र भी कमजोर होता है, इसलिए उन्हें खाली पेट पर चाय नहीं पिलानी चाहिए। इससे उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

**हड्डियों को पहुंचा सकती है नुकसानः** खाली पेट पर चाय पीने से हड्डियों पर भी बुरा असर पड़ सकता है। चाय में मौजूद फ्लोराइड की अधिक मात्रा हड्डियों को कमजोर कर सकती है, जिससे हड्डियों की समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा चाय में मौजूद कुछ तत्व हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए सुबह उठते ही चाय पीने की आदत को छोड़ देना चाहिए और पहले कुछ हल्का खा लेना चाहिए, फिर चाय का सेवन करना चाहिए।

**कैफीन की अधिकता से बढ़ सकता है तनाव :** खाली पेट पर चाय पीने से शरीर में कैफीन की अधिकता हो जाती है, जिससे तनाव बढ़ सकता है। खाली पेट पर चाय पीने से शरीर में एक विशेष हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो तनाव का मुख्य कारण होता है। इसके अलावा इस हार्मोन के बढ़ने से शरीर में जलन भी बढ़ जाती है, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

# विदेशी फंडिंग से बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का खेल

✍ मनोज कुमार अग्रवाल



हाल ही में राजस्थान के अनूपगढ़ इलाके में बड़े स्तर पर धर्मपरिवर्तन का गिरोह का खुलासा हुआ है, जो हिंदुओं को ईसाई धर्म में शामिल करने का काम कर रहा है. जानकारी के मुताबिक, चेन्नई से संचालित फ्रेंड्स मशीनरी प्रेयर बैंड धर्म परिवर्तन का खेल कर रहा है. इस संगठन का खुलासा उस समय हुआ, जब अनूपगढ़ के गांव 24 एपीडी के 23 वर्षीय युवक संदीप पुत्र राय साहब कुमार ने संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो और उसके दो सहयोगी पिता-पुत्र विनोद और आर्यन के खिलाफ शादी का झांसा देकर धर्म परिवर्तन करवाने का मामला दर्ज करवाया। इससे दो सप्ताह पहले मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में धर्मांतरण की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है. यहां नवानगर थाना क्षेत्र के निगाही बस्ती में कुछ लोग 50 से ज़्यादा लोगों को पैसों का लालच देकर और हिंदू देवी-देवताओं के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक बातें कहकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे थे. पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है और 50 लोगों को चंगुल से मुक्त कराया है. इसी तरह राजस्थान के अलवर जिले में एमआईए थाना क्षेत्र के गोलेटा स्थित सैय्यद कॉलोनी में अवैध धर्मांतरण का मामला सामने आया है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने यहां दबिश देकर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। बता दें कि गोलेटा में एक निजी स्कूल के पीछे एक मिशनरी में 12 से 15 वर्ष की उम्र के करीब 60 बच्चे मिले। ये बच्चे गुरुग्राम और देश के अन्य कई हिस्सों से पूछताछ में सामने आया कि वहां साल से धर्मांतरण का खेल चल रहा था। पुलिस को यहां बाइबिल और ईसाई धर्म की पुस्तकें मिली। पुलिस ने अमृत और सोनू को हिरासत में लिया है।

राजस्थान में धर्मांतरण गिरोह के संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो ने हैरान करने वाले कई खुलासे किए. पौलुस बारजो ने बताया कि वह अकेला अब तक 454 हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन करवा चुका है. पुलिस ने संगठन इंचार्ज पौलुस बारजो और आर्यन को राउंडअप कर लिया है. पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने वाले संदीप ने बताया कि अनूपगढ़ के रेलवे स्टेशन के पास बाइक स्पेयर पार्ट्स की दुकान के मालिक आर्यन और उसके पिता विनोद कुमार उसके पुराने परिचित हैं. करीब एक महीने पहले वह दुकान पर बाइक का सामान लेने गया था तो बातों बातों में उन्होंने संदीप से उसकी शादी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी शादी अभी तक नहीं हुई है. संगठन इंचार्ज पौलुस बारजो ने केवल हिंदू धर्म के लोगों का ही धर्म परिवर्तन करवाया है. सीकर में भी इसी के खिलाफ कुछ दिन पूर्व धर्म परिवर्तन करवाने के आरोप में मामला दर्ज हुआ है. संदीप का कहना है कि तब आर्यन और उसके पिता विनोद ने उसे शादी का झांसा देकर संगठन के इंचार्ज पौलुस बारजो से मिलवाया. पौलुस बारजो ने उससे कहा कि अगर तुम ईसाई धर्म अपना लेते हो तो उनके प्रभु उस पर खुश हो जाएंगे और उसकी शादी हो जाएगी. पौलुस बारजो अपने सहयोगी आर्यन और विनोद के साथ बहलाकर उसे प्रेम नगर की नहर पर ले गया, जहां ईसाई धर्म की विधि के अनुसार उसे ईसाई धर्म ग्रहण करवा दिया. ईसाई धर्म अपनवाने के बाद इन तीनों ने अन्य हिंदुओं को भी ईसाई धर्म में लाने के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं.

विश्व हिन्दू परिषद के जिलामंत्री कृष्ण राव का कहना है कि पौलुस बारजो अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवा रहा है और उनके द्वारा हिंदू धर्म के देवी देवताओं के लिए निंदनीय शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है. संदीप के द्वारा हिम्मत दिखाते हुए मामला दर्ज करवाया गया है और विश्व हिंदू परिषद पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग करता है. 47 वर्षीय पौलुस बारजो मुख्यत झारखंड के गांव कटिंगगेल का निवासी है, उसने 1995 में ईसाई धर्म अपनाया था. इसका मूल धर्म हिंदू ही है. इससे पहले इसके भाई ने हिन्दू धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म अपनाया है. ईसाई धर्म अपनाने के बाद चेन्नई के एफएमपीबी में संगठन में संगठन से जुड़ने के लिए अप्लाई किया था.पौलुस बारजो से जब मीडिया ने बात की तो उसने बताया कि वहां इंटरव्यू में चयन होने के बाद संगठन ने उसे ट्रेनिंग के लिए झांसी भेज दिया. एक साल की ट्रेनिंग के बाद उसे सबसे पहले राजस्थान के सीकर जिले में भेजा गया. ताकि वहां जाकर वह हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवा सके. इस तरह से पौलुस बारजो को संगठन के द्वारा 2004 से 2008 तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के कई जिलों में भेजा गया और हिंदुओं के धर्म परिवर्तन करवाए गए. वह संगठन के निर्देशों पर 2008 से 2016 तक अनूपगढ़ में रहा. उसने बताया कि उसकी टीम के लोग उन लोगों को चिन्हित करते थे जो लोग गरीब असहाय या किसी बीमारी से ग्रसित हो. पौलुस बारजो टीम के साथ पीड़ित व्यक्ति के घर जाकर उन्हें बहला-फुसलाकर ईसाई बनाने का काम करता था. पौलुस बारजो ने बताया कि संगठन के द्वारा उसे व उसकी टीम को फंडिंग भी दी जाती है. उसने बताया कि संगठन के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, गांव दो पीजीएम और 36 जीबी में चर्च बनाया जाना है. विनोद कुमार ने साढ़े 3 लाख रुपए दिए है. इसके के लिए भूखंड खरीद चुके हैं. 2016 के बाद संगठन के निर्देशों पर वह दूसरे राज्यों में चला गया और 2021 में वापिस अनूपगढ़ आ गया. अब वर्तमान में वह अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 14 में अपने सहयोगी आर्यन पुत्र विनोद कुमार के घर रह रहा है. पौलुस बारजो 15 जुलाई 2025 तक कुल 454 हिंदुओ का धर्म परिवर्तन करवा चुका है. उनके संगठन की तरफ से प्रतिवर्ष एक व्यक्ति को 20 हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन करने का टारगेट मिलता है.

टारगेट पूरा करने के लिए उसने पूरे क्षेत्र यहां तक कि गांवों में भी अपने सहयोगी छोड़ रखे हैं, जिनका पूर्व में वह धर्म परिवर्तन करवा चुका है. इनमें महिलाएं भी शामिल हैं. महिलाएं आपसे में चर्चा कर ऐसे घर ढूंढती हैं, जिनमें धर्म परिवर्तन होने की संभावना रहती हैं. बातचीत में अनेक अन्य खुलासे भी हुए संगठन की तरफ से बरजो को निर्देश मिले थे, संगठन के निर्देशानुसार प्रतिदिन का हिसाब रखा जाता है.

प्रार्थना सभा में कितने सदस्य आए किस प्रार्थना सभा से कितनी राशि मिली. मुख्यालय से कितनी राशि इन्हें आई इस राशि को किस मद पर खर्च किया गया. सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि इन सभी डॉक्यूमेंट्स को उसने अपने घर नहीं रख कर किसी और के घर रखा हुआ था. संगठन की तरफ से उसे 9000 रुपए माह सैलरी, भत्ता,बच्चों के पढ़ाई का खर्च, और भी कई खर्च मिलते थे. आपको बता दें कि उपरोक्त मामले तो सिर्फ नमूना भर है देश के कई राज्यों में ईसाई मिशनरियों के एजेंट सक्रिय हैं और दबे पांव भारत के ईसाईकरण मे लगे है एक ओर गजवा ए हिन्द के जरिए इस्लामी देश पानी की तरह पैसे बहा कर देश में हिन्दू समुदाय के लोगों का धर्म परिवर्तन करने के लिए सक्रिय हैं दूसरी ओर ईसाई भी इस काम को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं इस सब से जागरूक करने के लिए व्यापक जन जागरण की जरूरत है ।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

## सु-दोकू 163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.174 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## एक नजर

### अंगीकार अभियान का शुभारंभ

बीजापुर 19 सितम्बर। अंगीकार अभियान 2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णुदेव साय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के उपस्थिति में 1100 परिवारों के गृह प्रवेश का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही निकायों के हितग्राहियों को एलईडी टीवी के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसी तारतम्य में कार्यालय नगर पालिका बीजापुर द्वारा सभागृह में लक्षित पूर्ण आवासों के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंप कर गृह प्रवेश कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी एवं उपाध्यक्ष भुवन सिंह चैहान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बीजापुर श्री बंशीलाल नुरूटी मुख्य नगरपालिका अधिकारी भैरमगढ़ श्री अमृत नागेश उपअभियंता श्री विनय देवांगन एवं समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नशामुक्ति अभियान मैराथन का आयोजन 21 सिंतबर को

बीजापुर 19 सितम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत् बीजापुर जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत् 21 सितम्बर 2025 को प्रातः 07:00 बजे से नशामुक्ति अभियान मैराथन (ओपन कैटेगरी-महिला एवं पुरुष पृथक-पृथक) का आयोजन आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया व नशामुक्त भारत के टैग लाईन के तले किया जाना है। जिसमें बीजापुर जिले में निवासरत किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी उक्त मैराथन में भाग ले सकते हैं। मैराथन में महिला एवं पुरुष दोनो वर्गों के लिये पृथक-पृथक नगद पुरूस्कार राशि प्रदाय किया जाएगा। मैराथन में भाग लेने हेतु मैराथन प्रारंभ स्थल कलेक्टोरेट परिसर बीजापुर में 21 सितम्बर 2025 को प्रातः 06:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

### शासकीय पॉलीटेक्निक में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

बीजापुर 19 सितंबर। जिले के एकमात्र इंजीनीयरिंग संस्थान शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा जी तथा प्रयोगशाला मशीनों उपकरणों की पूजा अर्चना की गई । इस कार्यक्रम में संस्था के समस्त कर्मचारी-अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। पूजा अर्चना पश्चात विद्यार्थियों को वर्कशॉप में रखे मशीनों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में भारत रत्न तथा महान अभियंता भारतरत्न सर मोक्षगुड्डम विश्वेशरेय्या जी को भी याद किया गया। विद्यार्थियों ने प्रसाद का आनंद लिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सी के राहंगडाले ने विद्यार्थियों को श्री विश्वकर्मा जी की तरह कुशल तथा भारत रत्न श्री विश्वेशरैय्या जी की तरह उत्तम इंजीनियर बनने अपने व्याख्यान द्वारा प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार सोनी एवं पी संदीप के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### लाईवलीहुड कॉलेज कारली में 23 को प्लेसमेंट कैंप

दंतेवाड़ा, 19 सितम्बर। कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23 सितंबर दिन मंगलवार को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कारली में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प हेतु केपस्टोन फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड एनएसडीसी हैदराबाद में सिक्यूरिटी गार्ड के 150, सुपरवाइजर के 20, सीसीटीवी ऑपरेटर के 05 पदों हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इस संबंध में इच्छुक आवेदक, आवेदिका निर्धारित स्थल पर अपनी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति एक सेट छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

# पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार

## पारिवारिक विवाद में वारदात को दिया अंजाम



जशपुर, 19 सितंबर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में कलयुगी बेटे ने पत्थर से सिर कुचलकर अपनी पिता की हत्या कर दी. पारिवारिक विवाद में बेटे ने वारदात को अंजाम दिया. इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पूरा मामला सिटी कोतवाली के आगडीह गांव का है. प्रार्थी रविशंकर ने 18 सितंबर को जशपुर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशिमोहन सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगडीह में घरेलू विवाद में एक बेटे ने अपनी ही पिता की पत्थर से मारकर हत्या कर दी थी. आरोपी बेटे दीपक राम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है.

प्रार्थी रविशंकर ने बताया कि वह पांच भाई बहन हैं, जिसमें से मृतक बंधु राम चौथे नंबर का भाई था. सभी भाई अलग-अलग काम कर अपना जीवन यापन करते थे. मृतक बंधु राम मेहनत मजदूरी करता था, जब वह काम से वापस आता था, तब प्रतिदिन मृतक के बेटे व मृतक में पारिवारिक बातों को लेकर वाद विवाद होते रहता था. मृतक का बेटा दीपक राम आए दिन अपने पिता से मारपीट करते रहता था. प्रार्थी ने बताया कि 17 सितंबर को वह रात्रि में खाना खाकर सो गया था. सुबह खेत का काम देखने गया था, जहां से वापस आने पर प्रार्थी की पत्नी ने बताया कि रात्रि लगभग 11 बजे मृतक बंधु राम व उसके बेटे दीपक राम के मध्य फिर विवाद हुआ था, और दीपक राम ने बंधु राम की हत्या कर दी है, उसकी लाश मृत अवस्था में गांव के ही एक व्यक्ति के घर के सामने पड़ा हुआ है. इस पर प्रार्थी अपने भाई बंधु राम को देखने गया तो पाया कि वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ है. उसके नाक, माथा, कनपटी व सिर से खून निकल रहा था. प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने तुरंत घटना स्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा करते हुए डॉक्टर से पोस्टमार्टम कराया और आरोपी दीपक राम को हिरासत में लिया. डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सिर, कनपटी में लगी चोट से मृत्यु होना बताया गया. आरोपी दीपक राम के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया. पुलिस की पूछताछ पर आरोपी दीपक राम ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसके पिता मृतक बंधु राम उसे आए दिन काम धाम नहीं करते हो, घर में पड़े रहते हो कहा जाता था, जिसे लेकर उनके मध्य वाद विवाद होते रहता था. घटना वाली रात को भी इसी बात को लेकर दोनों पिता पुत्र में विवाद हो रहा था, इसी दौरान आवेश में आकर उसने फर्श पत्थर से अपने पिता मृतक बंधु राम के सिर, नाक व कनपटी में वार कर दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर को भी जब्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा.

### हाथी ने बुजुर्ग महिला को कुचला

रायगढ़। धरमजयगढ़ वन मंडल में विचरण कर रहे हाथियों का आतंक देखने को मिला है. हाथी ने वृद्ध महिला को कुचल दिया. साथ ही कई घरों में भी भारी नुकसान पहुंचाया है. घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. मामला बाकारूमा रेंज का है. जानकारी के मुताबिक, घटना धरमजयगढ़ वन मंडल के बकारुमा रेंज अंतर्गत रेरुमा खुर्द गांव के मांझीपारा मुहल्ले की है. गुरुवार की रात जंगली हाथी ने 65 वर्षीय फूलमेत बाई को कुचल दिया. इससे पहले हाथी ने कई घरों में जमकर तोड़फोड़ की. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची ।

## कासोली में सेवा पखवाड़ा : ग्राम के सभी बोरिंग एवं क्रिकेट मैदान में चलाया गया सफाई अभियान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम, 19 सितम्बर। गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम के सभी चौक चौराहे पेय जल स्थान बोरिंग तथा खेल मैदान एव अन्य स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया इसके पश्चात स्कूली बच्चों एवं राजमिस्त्री प्रशिक्षक, सिलाई प्रशिक्षक द्वारा स्वच्छता संबंधी शपथ ग्रहण कर रैली निकाला गया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवम दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के उपस्थित में राजमिस्त्री प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, भाजपा जिलाध्यक्ष सन्तोष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, सरपंच शैलेश अटामी, जनपद सदस्य मुन्नाराम कश्यप, जीला राम कोर्राम, रामू राम आलामी, मडा राम वेक सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ पोड़ीयाम समेत क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय एआई प्रशिक्षण में पत्रकारों ने सीखी तकनीकी बारीकियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर 19 सितम्बर। बीजापुर की सेंट्रल लाइब्रेरी में दो दिवसीय एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रशिक्षण का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के पत्रकारों ने भाग लिया और एआई की तकनीकी बारीकियों को जाना। प्रशिक्षण का उद्देश्य पत्रकारों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और मीडिया में एआई के संभावित उपयोग की जानकारी देना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे ने संबोधित करते हुए वर्तमान युग में एआई की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एआई न केवल प्रशासनिक कार्यो बल्कि मीडिया और जनसंचार के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

इस अवसर पर प्रेस क्लब बीजापुर के अध्यक्ष श्री के. संतोष एवं पूर्व अध्यक्ष श्री कमलेश्वर पैकरा ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। श्री के. संतोष ने कहा, पत्रकारिता के बदलते स्वरूप में तकनीकी दक्षता समय की मांग है और एआई पत्रकारों को अधिक प्रभावशाली और तथ्यपूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध होगा। वहीं श्री कमलेश्वर पैकरा ने कहा, इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण पत्रकारों के लिए बेहद लाभकारी हैं, जिससे वे आधुनिक तकनीकों को आत्मसात कर सकें।

# वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेयी का निधन

## सीएम साय ने जताया दुख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 19 सितंबर। बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेयी का निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे न केवल बस्तर जिला पत्रकार संघ के संस्थापक सदस्य थे बल्कि बस्तर पत्रकारिता के भीष्म पितामह के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ गए। 14 जुलाई 1946 को जन्मे बाजपेयी ने अपने जीवन की शुरुआत पीडब्ल्यूडी के मैकेनिकल विभाग से की थी, लेकिन सरकारी नौकरी को त्यागकर उन्होंने पत्रकारिता को ही जीवन का लक्ष्य बनाया। उनकी पत्रकारिता यात्रा 'बस्तर टाइम्स' नामक साप्ताहिक अखबार से शुरू हुई, जो उनके ही नाम से प्रकाशित होता था।

यहीं से उनकी लेखनी और समाचारों ने पहचान बनाई और धीरे-धीरे वे बस्तर के प्रख्यात पत्रकारों में शुमार हो गए। वर्ष 1980 में जब बस्तर जिला पत्रकार संघ का गठन हुआ, तब पोला सिंह, बसंत अवस्थी, भरत अग्रवाल, किरीट दोषी, एस. करीमुद्दीन, रवि दुबे, डी.एस. नियाजी जैसे दिग्गज पत्रकारों की उपस्थिति में बाजपेयी भी शामिल रहे। उसी समय उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह से पत्रकार भवन हेतु भूखंड उपलब्ध कराने की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की। तब से लेकर आज तक जगदलपुर का पत्रकार भवन पिछले 45 वर्षों से पत्रकारों की एकजुटता और संघर्ष का प्रतीक बना हुआ है, राजेंद्र बाजपेयी ने लंबे समय तक विभिन्न अखबारों और टीवी चैनलों में सेवाएं दीं और वे पत्रकारों के बीच एक पितामह की तरह माने जाते थे। अनेक पत्रकारों ने उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया और उन्हें अपना आदर्श माना। उन्होंने नक्सली आंदोलनों की साहसिक रिपोर्टिंग की और विशेष रूप से निर्मल सोनी प्रकरण में तो जंगल तक जाकर नक्सलियों से उनकी रिहाई कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें अनेक सम्मान और पुरस्कारों से नवाजा गया। उनकी गहरी छाप केवल समाज और पत्रकारिता तक ही सीमित नहीं रही बल्कि परिवार तक पहुँची और उनके पुत्र रजत बाजपेयी भी सक्रिय रूप से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं। राजेंद्र बाजपेयी का यूँ अचानक चले जाना बस्तर संभाग की पत्रकारिता के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी स्मृतियाँ, उनकी लेखनी और उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा स्रोत बने रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेंद्र बाजपेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## पीएम आवास के निर्माण में प्रगति लाने कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

बीजापुर 19 सितंबर। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बुधवार को इंद्रावती सभागार में जिले में ग्रामीण विकास की योजनाओं के प्रगति की गहन समीक्षा की। केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में आपेक्षित प्रगति नहीं आने पर कलेक्टर ने कड़े निर्देश देते हुए लक्ष्य निधारिंत कर कार्य करने को कहा। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चैबे को जिन ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही की जा रही है उन्हें चिंहाकित कर संबंधित कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव पर नियमानुसार कारवाई करने को कहा गया। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के कुल 680 कार्य जो अपूर्ण हैं उन्हें समय सीमा तय कर पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अपूर्ण रहने की स्थिति में तकनीकी अमलों पर कार्रवाई की जाने को कहा गया। मनरेगा में जॉबकार्डधारी परिवारों के आधार और बैंक खाता में प्रगति लाने को निर्देशित किया। नवीन आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान और पंचायत भवन निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम योजनांतर्गत सतत मॉनिटरिंग करने, समूह गठन का लक्ष्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

## पीएम आवास योजना से पायको मिला सपनों का पक्का घर



दंतेवाड़ा, 19 सितम्बर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को अपने आवास निर्माण हेतु सर्वाधिक जरूरत राजमिस्त्रियों की होती है जो उनके घर के प्रारंभिक ढांचे को सही मानकों अनुसार स्वरूप दे सके। और तो और कई बार तो दूरस्थ क्षेत्रों में राजमिस्त्रियों की मांग इतनी बढ़ जाती है कि दूसरे ग्रामों से राजमिस्त्रियों को आग्रह पूर्वक बुलाया जाता है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अब राजमिस्त्रियों प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जा रहे है ताकि ग्राम के ही हितग्राही को आवास निर्माण की आधारभूत ज्ञान, निर्माण प्रक्रिया की सही सही जानकारी से प्रशिक्षित हो सके ताकि उनका आवास निमार्ण समय सीमा के साथ ही उनकी ही देख रेख में पूर्ण हो सके। और इस संबंध में सबसे विशेष बात यह है कि इस प्रशिक्षण सत्र में महिलाओं को भी शामिल कर आवास निमार्ण की मूलभूत तथ्य सिखाये जा रहे है।

## किरन्दुल नपा उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद ने डेरी फार्म की समस्या का किया त्वरित निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



किरन्दुल, 19 सितंबर। किरन्दुल औद्योगिक नगर में नागरिकों की समस्याओं को लेकर नगर पालिका निरंतर सक्रिय दिखाई दे रही है। इसी क्रम में बंगाली कैम्प वार्ड नंबर 4 के अंतर्गत बब्लू देवनाथ के घर स्थित डेरी फर्म से लगातार गाय के मल-मूत्र की निकासी होने के कारण आसपास रहने वाले लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय नागरिकों ने शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पालिका उपाध्यक्ष श्री बब्लू सिद्दिकी और वार्ड पार्षद श्री टंडन जी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष बब्लू सिद्दिकी ने साक्षात्कार में कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समय पर समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। स्वच्छता और जनसुविधा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। नगरवासियों ने उपाध्यक्ष एवं पार्षद के इस त्वरित निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से वार्ड की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। यह कार्यवाही नगर पालिका की जनसेवा और जवाबदेही की स्पष्ट मिसाल है, जिससे नागरिकों का विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

# पीएम आवास योजना के लाभ से ग्रामीण वंचित हो रहे:ताटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भोपालपटनम, 19 सितंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। यही वजह है कि ग्रामीणजन अब भी जर्जर मकान में रहने पर मजबूर हैं।यह बात बीजापुर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य बसंत राव ताटी ने कही। ताटी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भोपालपटनम विकासखंड में शासन की अति महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है।अपनी बात की पुष्टि के लिये उन्होंने ग्राम पंचायत अटुकपल्ली के आश्रित ग्राम नरोन्हापल्ली निवासी कंती नरसैया का उदाहरण दिया।ताटी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण कंती नरसैया का परिवार जर्जर मकान में रहने पर मजबूर है। इनके मकान की हालत ऐसी है कि ढहने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।लेकिन प्रशासन को इसकी परवाह बिल्कुल नहीं है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जहाँ एक ओर वर्तमान डबल इंजन की सरकार सुशासन का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर गरीब आदिवासी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने से भी वंचित हैं। उन्होंने कहा कि यह पीड़ा अकेले सिर्फ नरोन्हापल्ली निवासी कंती नरसैया की ही नहीं है, बल्कि पूरे भोपालपटनम क्षेत्र की है और यह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही लापरवाही का जीता जागता प्रमाण भी है। ताटी ने कहा कि तत्कालीन बस्तर जिले के कलेक्टर रहे नरोन्हा द्वारा बसाये गये ग्राम नरोन्हापल्ली की इस तस्वीर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति साय सरकार की घोर उदासीनता की पोल खोलकर रख दी है। बसंत ताटी ने इस प्रकरण में पीड़ित परिवार को तत्काल राहत पहुँचाने कि माँग ज़िला प्रशासन से की है।

# बंगाली कैंप में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



किरंदुल 19 सितंबर। औद्योगिक नगर किरंदुल के बंगाली कैंप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज सेवा पखवाड़ा के तहत एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन। दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न। जिला अध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता और जिला संयोजक श्री सत्यजीत चौहान का विशेष निर्देशन। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं मंडल अध्यक्ष श्री विजय सोढ़ी का नेतृत्व। भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयास कार्यक्रम में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी श्री सत्यजीत चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से कार्यकर्ताओं का उत्साह और अधिक बढ़ा। भाजपा मंडल किरंदुल के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी और परिश्रम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अहम योगदान दिया। इस अभियान की सफलता का श्रेय उन जनप्रतिनिधियों को जाता है जिन्होंने अपने मार्गदर्शन, समर्पण और दूरदृष्टि से समाज को प्रेरित किया। विधायक श्री चैतराम अटामी ने अपने जनसेवा भाव से यह साबित किया कि वे हमेशा जनता के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति संवेदनशील हैं। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह और पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह एवं मंडल अध्यक्ष श्री विजय सोढ़ी ने अपने सक्रिय नेतृत्व और तत्परता से कार्यक्रम को भव्य सफलता दिलाई। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता एवं संयोजक श्री सत्यजीत चौहान का संगठन कौशल और कुशल निर्देशन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी रहा।

# सिमगा क्रिकेट लीग सीजन-3 स्पर्धा एमजे ने जीती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




सिमगा, 19 सितंबर। गीता पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में आयोजित कल संपन्न हुए सिमगा क्रिकेट लीग स्पर्धा तीन को एम जे की टीम ने जीत लिया है । रोमांचक फाइनल मैच में एम जे की टीम ने जेसीसी की टीम को पराजित किया । फाइनल मैच जीतने पर स्वर्गीय बसंत मल पंजवानी की स्मृति में विजेता टीम को ?200000 एवं एक आकर्षक कप दिया गया । उपविजेता जेसीसी की टीम को भी ?100000 एवं कप प्रदान किया गया । 6 सितंबर से प्रारंभ हुई इस स्पर्धा में 8 टीमों ने भाग लिया था । यह स्पर्धा फ्रेंचाइजी क्रिकेट स्पर्धा के रूप में छत्तीसगढ़ में प्रतिष्ठित है । इस स्पर्धा में पांच राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था । उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, उड़ीसा, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के कई ख्याति लब्ध खिलाड़ियों ने इस स्पर्धा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । रोमांचक फाइनल मैच में एम जे के कप्तान अगम कोहली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का चयन किया । जेसीसी के शुरुआती खिलाड़ियों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए राहुल कोस्टा के 34 और गौतम रघुवंशी के 37 रनों की सहायता से निर्धारित 20 ओवरों में निर्धारित 20 ओवरों में135 रन बनाएं । प्रति उत्तर में एम जे की टीम ने शुरुआती झटकों से उबरते राजा साहिल और राजकुमार राय के साझेदारी से मैच में वापसी की । और अंतिम के ओवरों में वी वैभव और आयुष वर्मा की आक्रामक पारियों के माध्यम से एम जे की टीम ने जेसीसी को तीन विकेटों से पराजित कर स्पर्धा जीत ली। वी वैभव ने 12 गेंद पर 33 रन और आयुष वर्मा ने 10 गेंद पर 22 रनों की आकर्षक पारी खेली ।फाइनल मैच में 19 रन देकर 3 विकेट लेने वाले गुरजोत सिंह संधू मैन ऑफ द मैच बने । स्पर्धा में बहुत अच्छा खेलने वाले मनोज कुमार नायक और जेसीसी के चंद्रशेखर को मैन ऑफ दी सीरीज 20000 रु एवं कप का पुरस्कार असलम खान जी और विक्रांत मिश्रा जी द्वारा दिया गया ।टूर्नामेंट में बेस्ट बॉलर गुरजोत सिंह संधू, बेस्ट बैटर करण तिवारी को 10000- 10000 रुपए एवं कप दिया गया। यह पुरस्कार क्रमशः आशुतोष अग्रवाल और दुर्गादास लालवानी जी द्वारा दिए गए ।बेस्ट फील्डर आलोक कुमार, बेस्ट सिल्वर आलोक गुप्ता, बेस्ट प्लैटिनम राजकुमार राय को दिया गया । ये पुरस्कार क्रमशः पुष्कर भोसले मनोहर सोनकर और अन्य सहयोगियों के सहयोग से दिया गया ।इस स्पर्धा का प्रसारण यूट्यूब चैनल 108 के द्वारा पूरे विश्व में किया गया । फाइनल मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में सिमगा सहित आसपास क्षेत्र के लोग उपस्थित थे । पूरे स्पर्धा में राघव शर्मा ने ऑफलाइन स्कोरर ,प्रखर शर्माऔर देवानंद कश्यप ने उद्घोषक की भूमिका निभाई । फाइनल मैच में पुरस्कार वितरण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप राजू भाटिया, सिमगा के प्रतिष्ठित व्यवसाई कन्हैया लाल पंजवानी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी , रायपुर के टेनिस बॉल लीग के जनक और सुप्रसिद्ध खिलाड़ी दुर्गादास लालवानी जी सहित महिला विंग के बहुत से सम्मानित महिलाएं उपस्थित थीं। इस स्पर्धा में 20 मैच खेले गए । यह स्पर्धा 6 सितंबर से प्रारंभ होकर 17 सितंबर तक चली । सिमगा के आयुष वर्मा ने इस स्पर्धा में उपस्थित जन समुदाय का मन जीत लिया । इस स्पर्धा के चेयरमैन अत्री शर्मा, अध्यक्ष मनोहर पंजवानी और सचिव सौरभ दुबे थे । इस स्पर्धा मे समिति द्वारा सभी खिलाड़ियों को ड्रेस , रुकने तथा भोजन की भी व्यवस्था दी गई थी । सिमगा में ड्यूस बाल का यह 25 वा तथा फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग का यह तीसरा आयोजन था । इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गीता पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सौरभ दुबे और स्पर्धा के अध्यक्ष मनोहर पंजवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बेहिसाब सूदखोरी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने सौंपा ज्ञापन

## पिंकी सिन्हा और हेमलाल सिन्हा पर लगा कूटरचना का आरोप
## प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और ईडी आदि को भेजी शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 19 सितंबर। सूदखोरी की भयावह समस्या से जूझ रहे बलौदाबाजार जिले के मजबूर जरूरतमंद लोग हो बर्बाद इस हेतु प्रशासन को लोकहित में जॉचकर कार्यवाही करने की मांग बलौदाबाजार प्रेस क्लब द्वारा की गई है। बलौदाबाजार निवासी पिंकी सिन्हा एवं हेमलाल सिन्हा के विरुद्ध बेहिसाब सूदखोरी के मामले में बलौदाबाजार प्रेस क्लब को प्रार्थी हेमंत कन्नौजे, निवासी बलौदाबाजार का एक लिखित शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है, शिकायत पत्र एवं सोशल मीडिया पर साझा किए गए तथ्यों के अवलोकन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि 02/09/2025 को पिंकी सिन्हा व हेमंत कन्नौजे के बीच इकरारनामा स्टाम्प पर तैयार किया गया।

किन्तु उक्त दस्तावेज़ का उपयोग पिंकी सिन्हा के स्थान पर उनके पति हेमलाल सिन्हा द्वारा किया गया तथा 5-6 माह पूर्व की तिथि डालकर 16/09/2019 का दिनांक अंकित किया गया, जो कूटरचना का संकेत देता है।

प्रेस क्लब को पूर्व में भी इन व्यक्तियों के विरुद्ध मौखिक शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। नगर के प्रबुद्धजनों के बीच सूदखोरी से उपजे तनाव एवं अपराधों की चर्चाएं आम हो चुकी हैं। प्रेस क्लब ने उपरोक्त मांगे मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, जोनल कमिश्नर, आयकर विभाग, रायपुर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विभाग, रायपुर, थाना प्रभारी, थाना सिटी कोतवाली, बलौदाबाजार आदि से की है। प्रार्थी ने पिंकी सिन्हा और उनके पति हेमलाल सिन्हा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल प्रेस क्लब को प्राप्त एक शिकायत पत्र ने नगर में हलचल मचा दी है और मामले ने शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

एक नजर

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ बच्चों व महिलाओं को मिला



**महासमुंद, 19 सितम्बर ।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान जिले में 2 अक्टूबर 2025 तक लगातार संचालित होगा। इसी क्रम में आज जिले के आदि योगी केन्द्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे पहुंचे तथा उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निःशुल्क लाभ लिया।विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत बुंदेली, बसना अंतर्गत बिलखण्ड, पिथौरा अंतर्गत मुढ़ीपार एवं सरायपाली अंतर्गत खैरमाल आदि योगी केन्द्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मुख्य रूप से महिलाओं का ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ एवं कैंसर की जांच, खून की कमी (एनीमिया), टी.बी. एवं सिकल सेल की जांच, साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। बच्चों को भी टीकाकरण सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही पोषण संबंधी जागरूकता भी फैलाई जा रही है, ताकि परिवार और समाज को सशक्त बनाया जा सके।

## आदि सेवा पखवाड़ा और रजत जयंती वर्ष पर नगर में विविध कार्यक्रम आयोजित

**धमतरी 19 सितम्बर ।** आदि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला धमतरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत् मुकबधिर छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 94 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण तथा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक उपस्थित रहे। इसी तारतम्य में रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत एकलव्य खेल परिसर धमतरी में नगर पालिक निगम द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग की ओर से सूचना स्टॉल लगाया गया, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को प्रदान की गई। इस अवसर पर महापौर श्री रामू रोहरा, नगर पालिक निगम धमतरी के पार्षदगण, जनप्रतिनिधि तथा नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के साथ ही सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। जिले में आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 26 सितंबर तक दावा-आपत्ति

**रायगढ़, 19 सितम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गोरखा क्रमांक 2 एवं बरमुड़ा वार्ड क्रमांक 43 नगर पालिक निगम में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण कर प्राविधिक एवं अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 26 सितम्बर सायं 5.30 तक परियोजना कार्यालय में लिखित में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

## फलदार वृक्षों से बदली जिंदगीः सुरेश चन्द्र बने गांव के लिए प्रेरणास्रोत



**रायपुर, 19 सितम्बर ।** सुरेश चन्द्र बने गांव के लिए प्रेरणा स्रोत नक्सल प्रभावित और भौगोलिक रूप से दुर्गम खड़कागांव (ब) ग्राम की तस्वीर अब हरियाली और आर्थिक समृद्धि से बदल रही है। यहां के मेहनती कृषक सुरेश चन्द्र भण्डारी ने व्यक्तिमूलक फलदार वृक्षारोपण योजना से अपनी जिंदगी को नई दिशा दी और गांव के अन्य किसानों के लिए प्रेरक व आदर्श प्रेरणा बन गए।उद्यानिकी विभाग की योजना के अंतर्गत सुरेश को एक हेक्टेयर भूमि पर फलदार वृक्षारोपण के लिए 2 लाख 25 हजार रुपये की सहायता मिली। उन्होंने इस राशि से आम, काजू, कटहल, नींबू और अमरूद जैसे उच्च मूल्य वाले लगभग 277 पौधों का रोपण किया था। उनके द्वारा इन पौधों की देखरेख और सिंचाई का कार्य उन्होंने पूरी निष्ठा से किया गया।आज इन वृक्षों से न केवल परिवार को अतिरिक्त आय का लाभ मिल रहा है, बल्कि गांव में हरियाली, मृदा संरक्षण और जैव विविधता भी बढ़ रही है। सुरेश की इस सफलता से प्रभावित होकर अब कई अन्य ग्रामीण भी बंजर या कम उपयोगी भूमि पर फलदार वृक्षारोपण के लिए आगे आ रहे हैं। सुरेश चन्द्र भण्डारी की मेहनत और संकल्प ने यह साबित कर दिया है कि योजनाओं का सही उपयोग कर किसान अपनी तकदीर बदल सकते हैं और गांव को नई पहचान दिला सकते हैं।

### झूलेलाल मंदिर परिसर में किया गया शिविर का आयोजन

# खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस व पंजीयन की जानकारी दी



**रायगढ़, 19 सितम्बर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा आज रायगढ़ के चक्रधर नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर परिसर में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जिले के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) की प्रक्रिया की जानकारी देना एवं ऑनलाईन आवेदन में सहयोग प्रदान करना था। शिविर में खुदरा, होलसेल, वितरक, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, विनिर्माता, कैटरर्स, वेंडर एवं स्ट्रीट फूड विक्रेताओं सहित अन्य खाद्य कारोबारियों ने भाग लिया। इस दौरान लगभग 80 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 11 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर संबंधित कारोबारियों को खाद्य पंजीयन/लाइसेंस प्रदान किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सागर दत्ता ने मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार खाद्य व्यापार को टर्नओवर के आधार पर राज्य स्तर में दो वर्गों में विभाजित किया गया हैं। वो खाद्य कारोबारकर्ता जिनका खाद्य पदार्थों का व्यापार एक वर्ष में 12 लाख से कम टर्नओवर वाला हैं, उनको नियमानुसार खाद्य पंजीयन-प्रमाण पत्र लेना होगा, जिसका वार्षिक शुल्क 100 रुपए निर्धारित हैं एवं वो अधिकतम 5 वर्षों तक के लिये 500 रुपए अदा कर पंजीयन प्रमाणन प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार जिन खाद्य कारोबारकर्ता का व्यापार एक वर्ष में 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाला हैं, उनको नियमानुसार खाद्य अनुज्ञप्ति/लाईसेंस लेना होगा, जिसका वार्षिक शुल्क 2 हजार रुपये निर्धारित हैं एवं वो अधिकतम 5 वर्षों तक के लिये 10 हजार रुपये अदा कर खाद्य लाईसेंस प्राप्त कर सकते हैं।भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई द्वारा अपनी जनकल्याणीकारी योजना के अंतर्गत फूटपाथ/सड़को के किनारे स्थित ठेलो, छोटे दुकानों, स्टालों आदि में तैयार खाद्य पदार्थ जैसे फास्ट फूड, नास्ता, नमकीन, जूस आदि का व्यापार करने वाले स्ट्रीट फूड वेंडर्स को आवेदन करने पर खाद्य पंजीयन में फीस अदा नही करने की छूट प्रदान करते हुये पॉच वर्ष हेतु खाद्य पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जा रहा हैं। खाद्य पंजीयन/खाद्य लाईसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की यह समस्त प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाईन हैं। सभी प्रकार के आवेदन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीधे आवेदन करते हुये आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर, निर्धारित शुल्क भी ऑनलाईन जमा कर ही किया जा सकता हैं। ऑनलाईन आवेदन करने के उपरांत संबंधित आवेदक खाद्यकारोबारकर्ता को इसकी पावती प्राप्त होती हैं, एवं विभाग द्वारा नियमानुसार अपलोड दस्तावेजों की जॉच व आवश्यक निरीक्षण कार्यवाही के उपरांत खाद्य पंजीयन/खाद्य लाईसेंस जारी कर दिया जाता हैं। जो कि आवेदक खाद्यकारोबारकर्ता के ई-मेल पर पहुच जाता है, जिसको डाउनलोड कर अपने खाद्य प्रतिष्ठान में प्रदर्शित करना अनिवार्य हैं। इस प्रकार शासन की यह स्पष्ट मंशा हैं कि व्यापार के तरीके पूरी तरह से सरल, पारदर्शी, तुरंत एवं बिना रुकावट के संपादित हो जा सके। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नेशले इंडिया एवं एनएएसव्हीआई के सौजन्य से 150 स्ट्रीट फूड वेंडर्स को फास्टेक प्रशिक्षण का आयोजन भी कराया गया। जिसमें फूटपाथ/सड़को के किनारे स्थित ठेलो, छोटे दुकानों, स्टालों आदि में तैयार खाद्य पदार्थ जैसे फास्ट फूड, नास्ता, नमकीन, जूस आदि का व्यापार करते हुये खाद्य पदार्थों को तैयार करने, परोसने, उसकी व्यवस्था करने संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने गढ़फूलझर में पाथवे, चौपाटी एवं उद्यान निर्माण का किया निरीक्षण



**महासमुंद 19 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज गढ़फूलझर पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाथवे निर्माण, चौपाटी एवं उद्यान विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र ही इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी विकास कार्यों को तेजी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएँ जनता की आकांक्षाओं से जुड़ी हुई हैं और प्रशासन की यह प्राथमिकता है कि उनका लाभ समय पर आमजन तक पहुँचे।लंगेह ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी करें और जिन बिंदुओं पर गति धीमी है, वहाँ तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की दी गई जानकारी



**रायगढ़, 19 सितम्बर।** शासन के निर्देशानुसार 02 अक्टूबर 2025 तक जिले में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी, स्वच्छता सेवा और जनकल्याणकारी योजनाओं को व्यापक रूप से लोगों तक पहुँचाना है। इसी क्रम में बुधवार को रायगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम रायगढ़ के महापौर श्री जीवर्धन चौहान एवं सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने भगवान विश्वकर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महापौर श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सूर्यघर योजना आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे बिजली खर्च में बड़ी बचत संभव है। महापौर श्री चौहान ने नगरवासियों को इससे जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग रायगढ़ क्षेत्र के मुख्य अभियंता मनीष तनेजा ने विस्तारपूर्वक योजना की जानकारी दी और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ लेने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। लाभार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। श्री श्लोक चौधरी ने बताया कि सौर ऊर्जा अपनाने के बाद उनका मासिक बिजली बिल 70 हजार रुपये से घटकर मात्र 15 से 20 हजार रुपये रह गया है। इसी तरह राजेंद्र चौरसिया, विकास पटेल, बंटी चोपड़ा, नरेंद्र पटेल एवं श्री राजेश भारद्वाज ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सोलर प्लांट लगाने से उनका बिजली बिल लगभग 80 प्रतिशत तक कम हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री गुंजन शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्रीराम कुमार राव, फतेह राम नाग, नरेंद्र नायक सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं नरेश पटेल और नटवर जैन उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में कलेक्टर सहित 48 लोगों ने किया रक्तदान



**रायगढ़, 19 सितम्बर ।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, श्री प्रवीण द्विवेदी एवं श्री सूरज शर्मा सहित शिविर में 40 पुरुष एवं 08 महिलाओं ने रक्तदान कर कुल 53 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रायगढ़ द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों की मदद करना एवं आम नागरिकों में रक्तदान की जागरूकता बढ़ाना था।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई मानव धर्म नहीं है। यह एक पुण्य कार्य है, जिससे अनेक जरूरतमंदों की जिंदगी बचाई जा सकती है। प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को इस महादान में आगे आकर समाजहित में योगदान देना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि रक्तदान की संपूर्ण प्रक्रिया सुरक्षित वातावरण में की गई। रक्त दाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में रक्तदान संपन्न हुआ। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी रायगढ़ के चेयरमैन श्री मुकेश शर्मा, संतोष अग्रवाल, डॉ.एच.एस.उरांव, सिविल सर्जन श्री दिनेश पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल, डॉ.केनन डेनियल, डॉ.सुमित मंडल एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता से लें अधिकारी:सीईओ



**रायगढ़, 19 सितम्बर।** शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु संचालित कार्यों की समीक्षा जिला पंचायत सभाकक्ष में की गई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेंद्र यादव ने की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है। इसके कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगतिरत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा किया जाए। प्रगतिरत टंकी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जनपदवार एकल विलेज स्कीम, मल्टी विलेज स्कीम एवं सोलर पंप स्कीम की विस्तार से समीक्षा की गई। जहां कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन ग्राम पंचायतों को शीघ्र पंचायत स्तर पर हैंडओवर करने कहा गया। जिला पंचायत सीईओ ने कोसमनारा, बरपाली सहित कई ग्रामों में सोलर पंप से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और जहां कार्य में खामियां हैं, उसे शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गांव-गांव का निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी की जाए तथा प्रत्येक माह आयोजित समीक्षा बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कमल किशोर कंवर, सभी एसडीओ एवं सब-इंजीनियर उपस्थित रहे।

## शिविर में बैंक खातों की केवाईसी की गई

धमतरी 19 सितम्बर । वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शंकरदाह ग्राम पंचायत में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संबन्धित खातों की पुनः केवाईसी की गई।

भारतीय रिज़र्व बैंक, रायपुर के महाप्रबंधक मनीष पाराशर ने शिविर का दौरा किया और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय निवासियों, व्यापार प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा की। देय खातों के केवाईसी विवरण के पुनः सत्यापन के महत्व पर जोर देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक ने प्रतिभागियों को ऐसे खातों के री-केवाईसी को पूरा करने हेतु शिविर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उन्हें निर्बाध रूप से विभिन्न बैंकिंग सेवाएं मिलती रहें। महाप्रबंधक ने शिविर के लिए बैंकों के प्रयास की सराहना की और प्रतिभागियों को ऋण-चक्रव्यूह के महत्व के बारे में बताया।शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को भारतीय रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 और दावा न की गई ।

## भारतीय बास्केटबॉल टीम एशिया कप-25 के फाइनल में



**महासमुंद 19 सितंबर।** अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल है। इसके अलावा भारतीय टीम में तमिलनाडु, कर्नाटका, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना के खिलाड़ी शामिल हैं। एशिया कप में इंडिया टीम ने शानदार खेल खेलते हुए पहले मैच में ईरान को हराया, दूसरे मैच में इंडिया ने उज़्बेकिस्तान को हराया, तीसरे मैच में इंडिया ने समोआ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल मैच इंडिया विरुद्ध इंडोनेशिया के मध्य खेला गया जिसमें पहले क्वार्टर में दोनों टीम का स्कोर 11-11 से बराबर रहा, दूसरे क्वार्टर में दोनों टीम का स्कोर 24-24 रहा, तीसरे क्वार्टर में इंडिया ने 44- 40 अंकों से बढ़त बनाया, अंतिम क्वार्टर में टीम इंडिया ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ बढ़त बनाए रखा, अंतिम समय तक इंडिया ने 65 - 53 के स्कोर से मैच जीता एवं फ़ाइनल में प्रवेश किया। एशिया कप में लगातार 4 मैच जीतकर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची। मैच में विहा रेड्डी, नेथरा, रेवा अमित कुलकर्णी, वैष्णवी प्रशांत परदेशी, महक शर्मा ने शानदार खेल जारी रखा, इंडिया टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया और टीम को लगातार 4 मैच जीतकर फाइनल तक पहुंचाया। प्रदेश व जिले में खुशी की लहर देखी जा रही है। भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी, कर्नाटका से श्रवानी शिवन्ना, महक शर्मा एवं अदिति, तेलंगाना से विहा रेड्डी एवं नेथरा, केरला से एदिना मरियम जॉनसन, तमिलनाडु से एंजलीना अरुण जॉर्ज एवं सुमिथरा देवी कालीमुथु, महाराष्ट्र से रेवा कुलकर्णी एवं वैष्णवी प्रशांत परदेशी, गुजरात से दिनल वित्थानी शामिल है।

## कलेक्टर ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**महासमुंद 19 सितम्बर ।** सेवा पखवाड़ा, रजत जयंती वर्ष एवं पोषण माह के अंतर्गत आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर में सुपोषण रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सुपोषण रथ जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर सुपोषण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री जटवार, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकरी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर की बेहतरी के उद्देश्य से इस वर्ष भी सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य पोषण सेवाओं में अभिसरण को मजबूत करना है। पूरे छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद ज़िले में में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास ने बताया कि यह रथ जिले के पांचों विकासखण्डों में 01 अक्टूबर तक भ्रमण करेगी। पोषण माह अंतर्गत महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता को सुदृढ़ बनाना है। पोषण माह का उद्देश्य जन-जन तक संतुलित आहार, एनीमिया मुक्त, स्तनपान के महत्व, स्कूल जाने वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तथा परिवार स्तर पर पोषण थाली और मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत पूरे माह जिलेभर में आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं पंचायत स्तर पर पोषण मेले, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जनजागरूकता रैली और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## बिरकोनी में पोषण दिवस एवं खट्टी में बाल संदर्भ शिविर आयोजित



**महासमुंद 19 सितंबर ।** सेवा पखवाड़ा, रजत जयंती वर्ष एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बिरकोनी में पोषण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गर्भवती, शिशुवती महिलाएँ और किशोरी बालिकाएँ सहित 65 महिलाएँ उपस्थित रहीं।महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री अजय साहू ने महिलाओं को कुपोषण और एनीमिया से बचाव संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शिशु जन्म लेने के लिए महिलाओं का एचबी स्तर 11 ग्राम से अधिक होना आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन, आयरन, कैल्शियम एवं फोलिक एसिड की गोलियाँ समय पर लेने और आंगनवाड़ी से मिलने वाले रेडी टू ईट का उपयोग करने पर बल दिया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक अपर्णा श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उपलब्ध 36 प्रकार की भाजी का नियमित सेवन एनीमिया की 70 प्रतिशत समस्या को दूर कर सकता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फल व सब्जियों के महत्व को बताया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खट्टी में आज राष्ट्रीय पोषण माह के तहत बाल संदर्भ शिविर आयोजित किया गया। इसमें 25 गंभीर कुपोषित बच्चों की जाँच की गई और 5 बच्चों को बेहतर उपचार हेतु पोषण पुनर्वास केंद्र रेफर किया गया। इसके साथ ही सुपोषण चौपाल में गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुए। बच्चों की ऊँचाई और वजन की जाँच की गई तथा महिलाओं को चीनी, तेल और जंक फूड से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय, परियोजना अधिकारी अपर्णा श्रीवास्तव, पर्यवेक्षक दीपमाला तारक, अफसरी कुरैशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा खट्टी और लभराखुर्द की महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी का कलेक्टर लिया जायजा



**धमतरी, 19 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के इसी माह प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जिला कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा करेली बड़ी पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार भी उनके साथ रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सबसे पहले हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने करेली कार्यक्रम स्थल मंडी परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंच व्यवस्था,वीआईपी और आम नागरिकों के बैठक स्थल, प्रवेश एवं निकासी द्वार, वाहन पार्किंग व्यवस्था आदि का बारीकी से अवलोकन किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम स्थल के नक्शे का भी उन्होंने निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने समय रहते सभी तैयारियाँ गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान आने वाले जनसमूह को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय व्यवस्था और यातायात नियंत्रण जैसी सुविधाओं को सुचारू बनाने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर उन्होंने नव निर्मित महतारी सदन का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता, पीएचआई, एसडीओ लोक निर्माण, तहसीलदार, सीईओ, जनपद सहित स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे ।पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार ने सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा बलों की तैनाती, एंट्री और एग्जिट प्वाइंट, पार्किंग स्थल तथा आपातकालीन मार्ग की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व तैयारी के साथ सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर समय पर व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ तैयारियों में जुटा हुआ है।

## एक नजर



### श्रीलंकाई खिलाड़ी दुनिथ के पिता का निधन

**मुकाबला खत्म होते ही लौटे घर वापस**

**दुबई, 19 सितंबर।** एशिया कप 2025 में 19 सितंबर को श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच ग्रुप-बी का आखिरी मुकाबला खेला गया, जिसमें श्रीलंकाई टीम ने जहां 6 विकेट से जीत हासिल करने के साथ सुपर-4 के लिए अपनी जगह आसानी से पक्की कर ली। वहीं इस मैच में श्रीलंका टीम की प्लेइंग 11 का हिस्सा 22 साल के ऑलराउंडर खिलाड़ी दुनिथ वेल्लालागे को एक दुखद जानकारी मिली। दुनिथ के पिता सुरंगा वेल्लालागे का निधन 18 सितंबर की सुबह हो गया था, लेकिन दुनिथ को इसकी जानकारी मुकाबले के बाद दी गई जिसके बाद वह सीधे वापस घर के लिए रवाना हो गए। श्रीलंकाई टीम के ऑलराउंडर खिलाड़ी दुनिथ वेल्लालागे को जब अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला खत्म होने के बाद पिता के निधन की जानकारी दी गई तो उसके बाद उन्हें सपोर्ट स्टाफ के सदस्य संभालते हुए दिखाई दिए। दुनिथ के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला कुछ खास नहीं रहा जिसमें उन्होंने अपने 4 ओवर्स की गेंदबाजी में कुल 49 रन खर्च कर दिए और सिर्फ एक विकेट लेने में कामयाब हो सके। वहीं इस मैच के दौरान उनके एक ओवर में अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने कुल 5 छक्के भी लगाए थे।

# एशिया कप सुपर-4 की सभी टीमें फाइनल

## अफगानिस्तान बाहर, श्रीलंका-बांग्लादेश क्वालीफाई, पाकिस्तान के बाद BAN से भिड़ेगी टीम इंडिया

**दुबई, 19 सितंबर।** एशिया कप में ग्रुप स्टेज के 11 मैच खत्म होने के बाद सुपर-4 स्टेज की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। गुरुवार को ग्रुप-बी में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर उन्हें बाहर कर दिया। इस नतीजे से बांग्लादेश टीम भी श्रीलंका के साथ अगले राउंड में पहुंच गई। ग्रुप-ए से भारत और पाकिस्तान ने क्वालिफाई किया।

गुरुवार को श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच अबू धाबी में मैच खेला गया। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 169 रन बनाए। श्रीलंका को क्वालिफाई करने के लिए 101 रन की जरूरत थी। टीम ने न सिर्फ इस स्कोर को पार किया, बल्कि 19वें ओवर में मुकाबला भी जीत लिया।

ग्रुप-बी में श्रीलंका ने लगातार तीसरा मैच जीता और 6 पॉइंट्स लेकर अगले राउंड में जगह बनाई। अगर श्रीलंका टीम 101 रन बनाने के बाद मैच हार जाती तो बेहतर रन रेट के कारण अफगानिस्तान क्वालिफाई कर जाती और बांग्लादेश बाहर हो जाती। हालांकि, श्रीलंका ने मैच जीता और अपने साथ बांग्लादेश को भी अगले राउंड में एंट्री दिलवा दी।

बुधवार को ग्रुप-ए से पाकिस्तान ने सुपर-4 राउंड में एंट्री की थी। इसी के साथ तय हो गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच अगला मैच 21 सितंबर को दुबई में होगा। इस राउंड में भारत 24 सितंबर को बांग्लादेश और 26 सितंबर को श्रीलंका से भिड़ेगा। सुपर-4 के पॉइंट्स टेबल में टॉप-2 पोजिशन पर रहने वाली टीमों के बीच 28 सितंबर को दुबई में फाइनल खेला जाएगा।



ग्रुप स्टेज में भारत और ओमान का एक मैच बाकी है। यह मुकाबला आज अबू धाबी में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने अगले राउंड में एंट्री कर ली है, टीम अगर आज हार भी गई तो शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा। ऐसे में भारतीय टीम आज प्लेइंग-11 में नए प्लेयर्स को मौका दे सकती है।

## एशिया कप इतिहास में नंबर-1 बनेगी टीम इंडिया

**46वीं जीत के साथ टॉप पर आने का मौका, आज ओमान से मुकाबला**

**अबु धाबी, 19 सितंबर।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच खेलने उतरेगी। अबु धाबी स्टेडियम में रात 8 बजे से भारत का सामना ओमान से होगा। टॉस 7:30 पर होगा। भारतीय टीम पहले ही लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। आज के मैच में जीत के साथ भारत के पास नंबर-1 पर रहते हुए ग्रुप स्टेज खत्म करने का मौका होगा। वहीं, ओमान की टीम लगातार दो हार के साथ रेस से बाहर हो चुकी है। भारतीय टीम अगर आज जीत हासिल करती है तो वह एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में श्रीलंका की बराबरी कर लेगी। इस रिकॉर्ड को आगे विस्तार से जानेंगे उससे पहले देखिए इस बार टूर्नामेंट में भारत और ओमान का कैसा प्रदर्शन रहा है। भारतीय टीम ने UAE और पाकिस्तान के खिलाफ मैचों को मिलाकर सिर्फ 20.2 ओवर की बल्लेबाजी की है। UAE के खिलाफ भारत ने सिर्फ 4.3 ओवर में और पाकिस्तान के खिलाफ 15.5 ओवर में टारगेट चेज कर लिया था। भारत से सिर्फ अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और शिवम दुबे को टूर्नामेंट में अब तक बल्लेबाजी का मौका मिला है। संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल सहित अन्य खिलाड़ियों ने मैच सिचुएशन में अब तक एक बॉल की बैटिंग भी नहीं की है। ज्यादातर बल्लेबाजों की मैच प्रैक्टिस की कमी को देखते हुए भारत इस बार टॉस जीतने पर पहले बैटिंग का फैसला कर सकता है। अगर ओमान पहले बैटिंग कर सस्ते में सिमट गया तो मुमकिन है कि भारत के ज्यादातर बैटर डगआउट में ही बैठे रह जाएं।

## एशिया कप : प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नहीं पूछे जाएंगे राजनीतिक सवाल

**दुबई, 19 सितंबर।** एशिया कप 2025 में अभी खेल से ज्यादा चर्चा मैदान के बाहर चल रहे विवाद पर सभी की है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले में जब टीम इंडिया ने जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तानी टीम के प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया तो उसके बाद से काफी ज्यादा विवाद देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान ने इसके बाद यूएई के खिलाफ होने वाले अगले मैच को लेकर जहां पहले रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को बदलने के लिए आईसीसी से कहा तो वहीं उनकी इस मांग को ठुकराए जाने के बाद उन्होंने मुकाबला खेलने से मना करने की धमकी दी।

मैच के दिन भी पाकिस्तानी टीम ने कुछ ऐसा ही करने का प्रयास किया लेकिन बाद में वह मुकाबला खेलने के लिए राजी हुए जिसमें मैच एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। वहीं अब एशियन क्रिकेट काउंसिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे जाने वाले सवालों को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें उन्होंने कुछ सवालों को पूछने से मना कर दिया है। एशियाई क्रिकेट परिषद ने भारत-पाकिस्तान मैच के बाद से जारी तनावपूर्ण स्थिति को शांत करने के लिए पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजनीतिक सवाल पूछने से रोकने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। भारतीय टीम की तरफ से ओमान के खिलाफ मुकाबले के एक दिन पहले



हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलदीप यादव आए थे, जिसमें उनसे सवाल पूछे जाते उससे पहले एसीसी के एक मीडिया अधिकारी ने भारतीय मीडिया से कोई भी राजनीतिक सवाल पूछने से बचने का अनुरोध किया। एसीसी के इस कदम को हाल में हुए सारे विवाद के नुकसान की भरपाई के तौर पर देखा जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यूएई के खिलाफ होने वाले अपने मुकाबले से पहले प्री-मैच कॉन्फ्रेंस को रद्द कर दिया था, जिसको लेकर समाचार एजेंसी के रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी के एक सीनियर अधिकारी ने काफी नाराजगी जताई है। आईसीसी के अधिकारी ने सवाल उठाया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टीम के प्रैक्टिस के लिए मौजूद होने के बावजूद मैच के पूर्व अनिवार्य प्रेस कांफ्रेंस में कैसे शामिल नहीं हुआ। अगर कोई संक्रामक बीमारी है या कोई टीम शोक में है तो यह समझ में आता है। लेकिन पाकिस्तान प्रेस कांफ्रेंस में शामिल क्यों नहीं हुआ।

# पीवी सिंधु का मास्टर्स सुपर-25 में सफर हुआ खत्म

## क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी ने दी मात

**हांगकांग, 19 सितंबर।** चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में मिली हार के साथ उनका टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया। सिंधु का क्वार्टर फाइनल में सामना मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की महिला खिलाड़ी एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिसमें ये मुकाबला साउथ कोरिया की खिलाड़ी ने 38 मिनट के अंदर ही खत्म कर दिया। हांगकांग ओपन में पीवी सिंधु पहले दौर से बाहर हो गई थी, जिसके बाद सभी फैंस को उनसे चाइना मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 32 और प्री-क्वार्टर फाइनल में अच्छा खेल दिखाते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी



जगह को पक्का कर लिया था, लेकिन यहां पर उन्हें एन से यंग के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में पीवी सिंधु को पहले सेट में जहां 14-21 से हार मिली तो वहीं दूसरे सेट में 13-21 के अंतर से हार मिली। वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी एन से यंग के खिलाफ इस मैच में पीवी सिंधु पूरी तरह से दबाव में दिखाई दी। एन से यंग के खिलाफ सिंधु ने अभी तक कुल 8 मुकाबले खेले हैं और उन्हें सभी में हार का सामना करना पड़ा है।

भारत की नंबर-1 पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रेड्डी और चिराग शेट्टी का हांगकांग ओपन के बाद चाइना मास्टर्स में भी अब तक शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें दोनों क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी का अब सामना चीन की रेन झिंग यू और झाई हाओनन की जोड़ी से होगा। यदि सात्विक-चिराग इस मैच में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का करने में कामयाब होते हैं तो उनका सामना लियो रोली कार्नान्डो और बगास मौलाना या आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से होगा।

# मोहम्मद नबी ने लगातार 5 छक्के लगाए

**दुबई, 19 सितंबर।** एशिया कप के 11वें मैच में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इस नतीजे से श्रीलंका के साथ बांग्लादेश ने भी सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। गुरुवार को अबू धाबी में मोहम्मद नबी ने दुनिथ वेल्लालागे के खिलाफ लगातार 5 छक्के लगाए। वहीं कुसल परेरा ने बाउंड्री पर बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा।

श्रीलंका से नई बॉल लेकर आए तेज गेंदबाज नुवान थुषारा ने पारी के तीसरे ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज को कुसल परेरा के हाथों कैच कराया। फिर आखिरी बॉल पर करीम जनत को बोल्ड कर दिया। थुषारा ने मैच में 4 विकेट लिए। 11वें ओवर में कुसल परेरा ने बाउंड्री पर बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा। ओवर की

## इंजर्ड हुए राशिद ने डाइविंग कैच पकड़ा



तीसरी बॉल दुष्मंथा चमीरा ने बाउंसर फेंकी। दारविश रसूली ने अपर कट शॉट खेला, लेकिन गेंद थर्ड मैन बाउंड्री पर खड़े परेरा की ओर चली गई। परेरा ने कैच पकड़ा, लेकिन वे मोमेंटम में बाउंड्री के बाहर जाने लगे।

उन्होंने गेंद को हवा में उछाला, फिर बाउंड्री के अंदर आए और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। 15वें ओवर में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने नो-लूक सिक्स लगाया। दसुन शनाका ने ओवर की तीसरी बॉल गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। राशिद ने पिच पर ही नजर रखी और गेंद को ग्राउंड के बाहर पहुंचा दिया। उन्होंने 23 गेंद पर 24 रन बनाए।

18वें ओवर में अफगानिस्तान के राशिद खान ने बोल्ड होने के बाद रिव्यू ले लिया। दरअसल, ओवर की पहली बॉल नुवान थुषारा ने मिडिल स्टंप की ओर स्लोअर यॉर्कर फेंकी। राशिद ने स्वीप शॉट खेला, लेकिन गेंद उनके पैर पर लग गई। श्रीलंका ने LBW की अपील की और अंपायर ने आउट देने का मन बना लिया। राशिद ने रिव्यू का इशारा भी कर दिया, लेकिन इतने में बॉल लुड़कते हुए स्टंप्स से टकरा गई।

अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी ने 20वें ओवर में श्रीलंका के लेफ्ट आर्म स्पिनर दुनिथ वेल्लालागे के खिलाफ लगातार 5 छक्के लगा दिए। नबी ने शुरुआती 3 गेंदों पर लॉन्ग ऑन और लॉन्ग ऑफ की दिशा में छक्के लगा दिए। अगली गेंद वेल्लालागे ने वाइड फेंकी, लेकिन थर्ड अंपायर ने बताया कि इस गेंद पर बॉलर का पैर पॉपिंग क्रीज से बाहर चले गया था। इस कारण गेंद नो-बॉल रही। ओवर की चौथी गेंद फ्री हिट थी, इस पर नबी ने लॉन्ग ऑफ के ऊपर से लगातार चौथा छक्का लगा दिया।



# अमेरिका भारत पर 25% पेनाल्टी टैरिफ हटाकर शुल्क घटा सकता है, सीईए ने जताई उम्मीद

**नई दिल्ली, 19 सितंबर।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंथा नागेश्वरन ने एक कार्यक्रम में उम्मीद जताई कि अमेरिका जल्द ही भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25% पेनाल्टी टैरिफ को हटा सकता है और पारस्परिक शुल्क को भी 10-15% तक घटा सकता है। इससे भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है, जो हाई टैरिफ के चलते गंभीर दबाव में हैं। इंडिया टुडे की खबर के मुताबिक, नागेश्वरन ने कहा कि अगस्त में अमेरिका द्वारा लागू किया गया यह टैरिफ नवंबर के अंत तक वापस लिया जा सकता है। मेरी व्यक्तिगत उम्मीद है कि नवंबर के अंत तक पेनाल्टी टैरिफ खत्म हो जाएगा। साथ ही, पारस्परिक शुल्क में भी कमी की संभावना है।



खबर के मुताबिक, उन्होंने यह भी बताया कि मौजूदा 25% पारस्परिक शुल्क को कम करके 10-15% के बीच लाया जा सकता है। उनका कहना था कि यह विवाद आने वाले 8 से 10 हफ्तों में सुलझ सकता है, हालांकि यह उनकी निजी राय है, न कि कोई औपचारिक गारंटी। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत के प्रमुख व्यापार वार्ताकार, वाणिज्य मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने हाल ही में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच से नई दिल्ली में मुलाकात की थी। यह पहली बार था जब दोनों पक्षों ने ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय निर्यातों पर लगाए गए कड़े अतिरिक्त शुल्क के बाद आमने-सामने बातचीत की।

**50% तक लग रहा है टैरिफ**

द्विपक्षीय टैरिफ विवाद की वजह से कई भारतीय उत्पादों पर कुल मिलाकर 50% तक शुल्क लग रहा है, जिससे खासकर कपड़ा, इंजीनियरिंग और खाद्य पदार्थ जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के निर्यातकों को भारी मार्जिन दबाव का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि टैरिफ में कटौती से लागत में कमी आएगी और भारत-अमेरिका व्यापार में स्थिरता व पारदर्शिता बढ़ेगी।

# हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सेबी ने दी क्लीन चिट, केस क्लोज

**नई दिल्ली, 19 सितंबर।** हिंडनबर्ग मामले में अडानी समूह और ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को बड़ी राहत मिली है। बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को अडानी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अडानी को अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए मामले में क्लीन चिट देते हुए आरोपों से मुक्त कर दिया। सेबी की जांच में गौतम अडानी और अडानी ग्रुप पर लगे आरोप साबित नहीं हुए। अडानी ग्रुप पर लेनदेन को छिपाने के लिए तीन संस्थाओं के माध्यम से धन भेजने का आरोप लगाया गया था। दो अलग-अलग आदेशों में सेबी ने कोई उल्लंघन नहीं पाया। सेबी ने यह भी कहा कि ऋण ब्याज सहित



चुकाए गए थे। कोई धनराशि गबन नहीं की गई थी और इसलिए कोई धोखाधड़ी नहीं हुआ था। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि अडानी पोर्ट्स ने आदिकॉर्प एंटरप्राइजेज को धनराशि हस्तांतरित की थी, जिसने अडानी पावर को ऋण के रूप में धनराशि प्रदान की थी। हालांकि, अडानी पावर ने आदिकॉर्प एंटरप्राइजेज को ऋण चुका दिया था। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट कर कहा कि एक विस्तृत जांच के बाद सेबी ने हमें निर्दोष पाया है। यह बात हम पहले से ही कहते आए हैं कि हिंडनबर्ग के दावे निराधार थे। पारदर्शिता और ईमानदारी हमेशा से अडानी समूह की पहचान रही है। हम उन निवेशकों का दर्द गहराई से महसूस करते हैं जिन्होंने इस धोखाधड़ी और प्रेरित रिपोर्ट के कारण पैसा गंवाया है। जो लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं, उन्हें देश से माफ़ी मांगनी चाहिए।

## मारूति सुजुकी की कारें 46,400 से 1.29 लाख रुपये तक हो गई सस्ती

**नई दिल्ली, 19 सितंबर।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने गुरुवार को कहा कि वह 22 सितंबर से अपने वाहनों की कीमतों में अधिकतम 1.29 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। यह कदम कंपनी ने GST रेट कट का फायदा सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए उठाया है। पीटीआई की खबर के मुताबिक, कंपनी के रजिस्ट्रेशन फाइलिंग में कहा गया है कि मारुति सुजुकी की एंट्री-लेवल मॉडल एस प्रेसो की कीमतें 1,29,600 रुपये तक कम होंगी। इसी प्रकार, ऑल्टो च10 की कीमत में 1,07,600 रुपये, सेलेरियो में 94,100 रुपये, वैगन-आर में 79,600 रुपये और इग्निस में 71,300 रुपये तक की कटौती होगी। प्रीमियम हैचबैक कारों में स्विफ्ट की कीमत 84,600 रुपये, बलेनो 86,100 रुपये, टूर एस 67,200 रुपये तक घटाई जाएगी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1660/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्री धर्मेन्द्र ध्रुव पिता स्व. सुखीराम ध्रुव सासाहोली मिशन वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री सुखीराम ध्रुव पिता श्री थनवार ध्रुव वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा निवासी का मृत्यु पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त भवन डिमांड क्र. 79/21 को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1652/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्री विकास ज्ञानचंदानी पिता श्री राजकुमार ज्ञानचंदानी पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 03 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री राजकुमार ज्ञानचंदानी पिता स्व. श्री लहरूमल ज्ञानचंदानी वार्ड क्र. 03 तिल्दा नेवरा निवासी का सहमती पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त भवन डिमांड क्र. 310/03 को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1654/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्री किशनचंदन मंगतानी, देवानंद मंगतानी पिता श्री महेश कुमार मंगतानी बाजार पारा वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्रीमती रजनी मंगतानी पति स्व. श्री महेश कुमार मंगतानी वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा निवासी का मृत्यु/सहमती पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त भवन डिमांड क्र. 06/12 को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1656/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पंकज कमलानी पिता श्री ओम प्रकाश कमलानी वार्ड कं. 13 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री महेश कुमार मंगवानी पिता श्री प्रकाश चंद मंगवानी वार्ड क्र. 13 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मलमा बिकी इकररानामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन / भूमि वार्ड क्र. 13 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नही हैं। 1500 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1662/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नंदू राम ध्रुव पिता श्री राम सिंह ध्रुव वार्ड क्र. 09 गांधी वार्ड तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री रामसिंग ध्रुव पिता श्री सालिक ध्रुव वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का आपसी बटवारा नामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय विल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 09 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 650 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1664/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद मीका पिता स्व. आनंद मीका वार्ड क्रं. 21 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री एलकिना मिका पति आंनद मिका वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 21 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 1500 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/1666/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18/09/25
**ईश्तहार-सूचना**
एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल (महेन्द्रा स्पंज एंड पावर लिमिट रायपुर) पिता श्री ईश्वर प्रसाद अग्रवाल शंकर वार्ड क्र. 01 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का डॉ. एम.एन. घोष (मेसर्स अर्श आयरन एंड स्टील) वार्ड क्र. 01 तिल्दा नेवरा निवासी का रजिस्ट्री निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।
उक्त भवन डिमांड क्र. 116/02 भूखण्ड कं. बी-10, सी-10, भूखण्ड क्रं. सी-09 खसरा नं. 183/22,183/23, 183/24 रकबा 6533 को आवासीय प्रयोजन हेतु नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।
आज दिनांक ............ को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।
मुहर
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

# चंद्राकर का कांग्रेस पर प्रहार : कांग्रेसियों ने किया 'छत्तीसगढ़ महतारी' का चीरहरण



**रायपुर, 19 सितम्बर।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर का आबकारी समेत अन्य घोटालों को लेकर बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कांग्रेस के कार्यकाल में हुए तमाम घोटालों को लेकर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी के चीरहरण का काम किया. इन घोटालों में कांग्रेस नेताओं के नाम दिख रहे हैं. जांच को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस संवैधानिक संस्था पर आरोप लगा रही है.

**एसआईआर कराने के निर्णय का स्वागतः** छत्तीसगढ़ में SIR की प्रक्रिया शुरू होने को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि देशभर में स्ढ्क्रकी शुरुआत हो चुकी है. निर्वाचन के स्ढ्क्रका निर्णय को स्वागत करता हूं. स्ढ्क्र होने से लोगों का काम आसान होगा. वहीं CGPSC घोटाला मामले में विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के पांच साल के घोटाले याद करने में परेशानी होती है.

### कांग्रेस पहले अपना घर संभाले

पामगढ़ विधायक के वायरल ऑडियो क्लिप मामले पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस को हर बात में चोरी दिख रही है. जब वह स्पष्टीकरण दे रहीं थी कांग्रेस का एक आदमी साथ नहीं था. उन्होंने ना बीजेपी और ना प्रशासन पर कोई आरोप लगाया है. जबकि कांग्रेस पर उन्होंने आरोप लगाया. कांग्रेस को पहले अपना घर संभालना चाहिए. वायरल ऑडियो की जांच होनी चाहिए.

### कांग्रेस एक्टिव हुई, शेषराज का ऑडियो हुआ वायरल

प्रदेश में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान से विपक्ष के फिर से एक्टिव होने के सवाल पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस एक्टिव हो गई और शेषराज हरवंश का ऑडियो आ गया. कांग्रेस एक्टिव हुई इसलिए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष को चुन रही है.

### सीजीपीएससी घोटाले पर विधायक का बड़ा बयान

सीजीपीएससी घोटाला मामले पर भाजपा वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने बड़ा बयान दिया है. विधायक ने कहा कि कांग्रेस के पांच साल के घोटाले याद करने में परेशानी होती है. सोनवानी के खिलाफउन्होंने शासन स्तर पर जांच करवाई थी. जांच खत्म हुई तब भ्रष्टाचार की बुनियाद डाली गई. छग की पूरी रीढ़ को प्रभावित करने का षड्यंत्र किया गया है.

### कांग्रेस की नई लीडरशिप पर मंत्री चंद्राकर ने कसा तंज

कांग्रेस में नई लीडरशिप को लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और संगठन कभी संभव नहीं. कांग्रेस में कहने भर के नेता है. वे झोंके की तरह आए, आंधी की तरह चले गए. छग बनने से लेकर आज तक यह साफ हो चुका है कि कांग्रेस में कितनी हैसियत के नेता है. उनकी हैसियत अब दिख चुकी है कि वह कैसे नेता है.

## एक नजर

### पीएम मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल पर भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन

**रायपुर, 19 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने आज यहां टाऊन हॉल में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों के ऐतिहासिक एवं सफलतम कार्यकाल पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र को गौरवान्वित करने वाले महान कार्यों की अनूठी झलकियां प्रदर्शित की गई हैं, जिन्होंने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है। प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन बदला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल मोदी जी के योगदान को रेखांकित करती है, बल्कि युवाओं को प्रेरित करने का माध्यम भी बनेगी। प्रदर्शनी में डिजिटल पैनल, इंटरएक्टिव मॉडल और वीडियो गैलरी के माध्यम से पीएम के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों को दर्शाया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच इसका जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। देव ने लोगों से अपील की कि वे इस प्रदर्शनी का अवलोकन करें और मोदी जी के विजन को मजबूत करने में योगदान दें।

### कवि सुरजीत नवदीप की स्मृति में नाट्य मंचन

**रायपुर, 19 सितम्बर।** भारतीय साहित्य के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचंद की दो कालजयी रचनाएं बड़े घर की बेटी और बड़े भाई साहब का नाट्य मंचन शाश्वत उत्सर्ग युथ थिएटर ग्रुप धमतरी एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 20 सितंबर 2025 को समय दोपहर 3 :30 बजे से मराठा मंगल भवन मराठापारा धमतरी में आयोजित किया जाएगा। बड़े भाई साहब से भाईचारे, अनुशासन और अनुभवजन्य शिक्षा का अद्भुत चित्रण करती है। वही बड़ी घर की बेटी मे संयुक्त परिवार की स्थिति, परंपरा, आपसी संबंधोऔर सामाजिक मूल्यों को दिखाया गया है। दोनों नाटकों से आपको अपने ही घर परिवार और सामाजिक दायित्वों की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही यह भी महसूस होगा कि प्रेमचंद के विचार आज के समय में भी कितने आवश्यक और जीवंत है। इस अवसर पर हम शिक्षक समुदायों, कला-साहित्यकारों एवं आप सभी प्रबुद्ध जनों से सादर निवेदन करते हैं कि इस साहित्यिक यात्रा के सहभागी बने और धमतरी के युवा कलाकारों का उत्साह बढ़ाएं।आपकी उपस्थिति हमारे लिए सम्मान की बात होगी।

### आईएमए तरंग कॉन्क्लेव का आयोजन करेगा 20 एवं 21 को

**रायपुर, 19 सितम्बर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) 20 एवं 21 सितम्बर को तरंग कॉन्क्लेव का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू ऑडिटोरियम में करेगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए आईएमए के पदाधिकारी डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि कार्यकम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। कार्यक्रम में बेसिक लाईफ सपोर्ट कार्यशाला को मेंटर डॉ. प्रतिभा शाह आयोजित करेंगे। अस्थि रोग पर डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, डॉ. सुशील शर्मा एलएच-2 में सम्बोधित करेंगे। महिला रोग विशेषज्ञ से संबंधित कार्यशाला में एम्स हॉस्पिटल की डॉ. सरिता अग्रवाल का आयोजन डेमोस्ट्रेशन रूम में किया जाएगा। सर्जरी संबंधित कार्यशाला के मेंटर डॉ. विक्रम शर्मा, डॉ. संदीप दवे और डॉ. यूसुफ मेनन परीक्षा हॉल में उपस्थित जनों को विशेष मार्गदर्शन देंगे। एडवांस ट्रामा लाईफ सपोर्ट पर डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना सभागार में आयोजित कार्यशाला में लोगों को प्रशिक्षण देंगे।

### छत्तीसगढ़ में बालीवुड फिल्म निदेशकों को शूटिंग करने का आमंत्रण

**रायपुर, 19 सितबंर।** छग में शीघ्र ही बालीवुड की फिल्मों की शूटिंग के लिए शूटिंग स्पॉट के चयन किया जाएगा। बस्तर के अलावा बिलासपुर तथा अंबिकापुर में कई आकर्षक स्थलों में शूटिंग करने के लिए प्रस्ताव बनाये गये हैं। छग के सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाले पत्र सूचना कार्यालय के प्रभारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ज्ञात रहे मैनपाट में भोजपुरी फिल्मों की आए दिन शूटिंग चलती रहती है जिसके कारण यह स्पॉट काफी लोकप्रिय है। पत्र सूचना कार्यालय के प्रवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार सूचना प्रसारण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फिल्म डिवीजन द्वारा छग सहित अनेक प्रांतों में शूटिंग स्पॉट का चयन करने का प्रस्ताव बंबई मुख्यालय द्वारा भेजा गया है। बंबई मुख्यालय द्वारा फिल्म निर्माताओं निर्देशकों को गाइड लाइन देने तथा शूटिंग स्थल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के पीआईबी अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाये गया है।

# शराब-घोटाला...भूपेश की सेक्रेटरी रही सौम्या अफसरों को देती थी गाली

## बिग बॉस व्हॉट्सएप चैट में खुलासा, चैतन्य के लिए पप्पू, सौम्या के लिए दीपेंद्र पैसा पहुंचाते थे

**रायपुर, 19 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्त में हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में बिग-बॉस वॉट्सऐप ग्रुप का खुलासा किया है। इस ग्रुप में चैतन्य बघेल, पुष्पक, सौम्या और दीपेंद्र सहित अन्य लोगों की जानकारी है।

वॉट्सएप ग्रुप में शराब घोटाले से जुड़ी चर्चा और पैसों के लेन-देन की बातें हैं। श्वष्ठ ने अपनी चार्जशीट में खुलासा किया है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल की डिप्टी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया शराब सिंडिकेट के लोगों से बातचीत के दौरान ढ्ढस् अफसरों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करती थी, उन्हें गाली देती थी।

इसके साथ ही उन्होंने कई बार सिंडिकेट के कुछ सदस्यों को हिसाब किताब की जानकारी नहीं देने की बात भी लिखी है। चैट में इस बात का भी जिक्र है कि चैतन्य के लिए पप्पू बंसल, सौम्या के लिए दीपेंद्र कुरियर बॉय का काम करता था, ये उन्हें पैसे पहुंचाते थे, जिसे वह डिलीवर कहकर बात करते थे।

**पप्पू बंसल ने खोला राजः** दुर्ग-भिलाई के शराब कारोबारी और भूपेश बघेल के करीबी माने जाने वाले लक्ष्मी नारायण उर्फ पप्पू बंसल ने पूछताछ में बड़ा खुलासा किया था। उन्होंने माना कि उन्होंने और चैतन्य ने मिलकर 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश को मैनेज किया।



बंसल ने बताया कि यह रकम अनवर ढेबर से दीपेंद्र चावड़ा और फिर कांग्रेस नेताओं रामगोपाल अग्रवाल और केके श्रीवास्तव तक पहुंचाई जाती थी। बंसल ने यह भी स्वीकार किया कि तीन महीने की अवधि में ही उन्हें 136 करोड़ रुपए मिले।

**रियल एस्टेट में लगाया ब्लैक मनीः** ईडी ने आरोप लगाया कि चैतन्य ने अपने विठ्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट और बघेल डेवलपर्स एंड एसोसिएट्स में शराब घोटाले की रकम निवेश की। असल खर्च 13-15 करोड़ रुपए था, लेकिन दस्तावेजों में मात्र 7.14 करोड़ दिखाया गया। वहीं डिजिटल डिवाइस की जांच से पता चला कि एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ रुपए कैश में भुगतान किया गया, जिसका हिसाब रिकॉर्ड में नहीं था। इसी प्रोजेक्ट में त्रिलोक सिंह ढिल्लों ने 19 फ्लैट खरीदे, लेकिन भुगतान खुद किया। श्वष्ठ के मुताबिक यह सब ब्लैक मनी को सफेद दिखाने के लिए किया गया।

**मोबाइल चैट्स से खुलासाः** ईडी ने जब अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और सौम्या चौरसिया के मोबाइल की जांच की तो चौंकाने वाले चैट्स मिले। अनवर के मोबाइल में चैतन्य का नंबर 'बिट्टू' नाम से सेव था। इसमें पैसों की डीलिंग और नकली होलोग्राम बनाने तक की चर्चा थी।

### फरवरी 2019 में बना था सिंडिकेट

- » कारोबारी अनवर ढेबर ने सिंडिकेट बनाने के लिए फरवरी 2019 में जेल रोड स्थित होटल वेनिंगटन में प्रदेश के 3 डिस्टलरी मालिकों को बुलाया। इस मीटिंग में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी से नवीन केडिया, भाटिया वाइंस प्राइवेट लिमिटेड से भूपेंदर पाल सिंह भाटिया और प्रिंस भाटिया शामिल हुए।
- » साथ ही वेलकम डिस्टलरी से राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू जायसवाल के साथ हीरालाल जायसवाल और नवीन केडिया के संपर्क अधिकारी संजय फतेहपुरिया पहुंचे।
- » मीटिंग में इनके अलावा एपी त्रिपाठी और अरविंद सिंह भी मौजूद थे। मीटिंग में अनवर ढेबर ने तय किया कि डिस्टलरी से जो शराब सप्लाई की जाती है, उसमें प्रति पेटी कमीशन देना होगा।
- » कमीशन के बदले रेट बढ़ाने का आश्वासन डिस्टलरी संचालकों को दिया गया। पैसे का हिसाब-किताब करने के लिए आरोपियों ने पूरे कारोबार को ए, बी और सी पार्ट में बांटा।

# बच्चों की देखभाल करने वाली नाबालिग से किया अनाचार, आरोपी गिरफ्तार



**आरंग, 19 सितम्बर।** 13 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोपी ने उस मासूम को ही अपने हवस का शिकार बनाया, जो उसके बच्चों की देखभाल करती थी. आरंग पुलिस ने आरोपी प्रवीण प्रजापति उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया है. आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि 13 वर्षीय मासूम पीड़िता आरोपी के घर पर उसके बच्चों का देखभाल करती थी. आरोपी ने किसी बहाने से मासूम बच्ची को आरंग बस स्टैंड के पास ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरंग पुलिस ने तत्परता के साथ आरोपी प्रवीण प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया है.

# पितृमोक्ष अमावस्या 21 को

**रायपुर, 19 सितबंर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पितृपक्ष की अमावस्या तिथि 21 सितंबर रविवार को है। पितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर वंशजों द्वारा ज्ञात अज्ञात पितरों जिनकी तिथि ज्ञात न हो या श्राद्ध पक्ष के दौरान तिथि भूल गये हों उन सभी का श्राद्ध अमावस्या तिथि के दिन किया जाता है। छग में इसे पितर खेदा भी कहा जाता है। अमावस्या के अवसर पर विधि विधान के साथ सर्व पितरों का तर्पण करने से वंशजों को अपने पूर्वजों का ढेर सारा आशीर्वाद मिलता है साथ ही पितृ प्रसन्न होकर वंशजों के सभी काम को सफलता दिलाते हैं।



- सर्व पितरों का तर्पण करने से वंशजों को मिलेगा आशीर्वाद

इस वर्ष पितृमोक्ष अमावस्या के दिन इस साल का अंतिम सूर्य ग्रहण लगेगा। यह एक आंशिक सूर्यग्रहण होगा। सूर्यग्रहण का बहुत अधिक धार्मिक ज्योतिष महत्व है। इस वर्ष अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण भारतीय समय अनुसार रात 10 बजे 59 मिनट से 22 सितंबर को सुबह 3:23 बजे समाप्त होगा। ग्रहण 22 सितंबर को सुबह 1.11 बजे अपने चरम पर होगा। यह सूर्य ग्रहण न्यूजीलैंड आस्ट्रेलिया फिजी, टोंगा और आर्कटिका में दिखाई देगा। भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। इसलिये सूतक भी नहीं लगेगा।

# दूधाधारी बजरंग महिला कालेज के भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह



**रायपुर, 19 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर में आज भूतपूर्व छात्राओं का मिलन समारोह उत्साह और आत्मीयता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा गिरोलकर, पूर्व प्राध्यापक तथा आञ्जनेय विश्वविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. संध्या वर्मा, पूर्व प्राध्यापक डॉ. मनीषा महापात्रा तथा शासकीय महाविद्यालय आरंग की प्राचार्य डॉ अभया जोगलेकर उपस्थित रहीं। समारोह में सन 2000 से 2024 तक की लगभग अस्सी भूतपूर्व छात्राएं शामिल हुईं।

प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा कि भूतपूर्व छात्राएं संस्थान की असली धरोहर हैं और उनका योगदान तथा उपलब्धियां महाविद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत हैं। यह आयोजन केवल पुनर्मिलन का अवसर नहीं बल्कि साझेदारी और भविष्य की संभावनाओं को सशक्त बनाने का माध्यम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विभिन्न स्टॉल रहे जिनमें वर्तमान और भूतपूर्व छात्राओं द्वारा तैयार किए गए खाद्य पदार्थों और मिलेट्स आधारित व्यंजन, हैंडलूम व हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की गई, जिसने छात्राओं की रचनात्मकता और उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया। समारोह में भूतपूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय से जुड़ी स्मृतियां साझा कीं और संस्थान की प्रगति पर गर्व व्यक्त किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में डॉ स्वप्निल कर्मंहे, नम्रता गुप्ता, विभाषा मिश्रा ने गायन किया तथा रिया ने नृत्य प्रस्तुत किया। भूतपूर्व छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जया तिवारी, डॉ अनुभा झा ने स्वागत उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ रेखा दीवान, डॉ अलका वर्मा तथा डॉ ज्योति मिश्रा ने किया। मंच संचालन डॉ कल्पना मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रेखा दीवान ने दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी भूतपूर्व भूतपूर्व छात्राएं जो वर्तमान में महाविद्यालय में कार्यरत है उपस्थिति रही। डॉक्टर रिचा शर्मा डॉ प्रीति कंसारा डॉ अनीता दीक्षित, डॉक्टर रिचा टिकरिहा, डॉ मिनी अलेक्स, डॉ रितु मारवाह, डॉ कविता ठाकुर, डॉ प्रीति जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# जन्मदिन मनाने लड़कों का नेशनल-हाईवे पर हुड़दंग

## बीच सड़क केक काटा, फिर पटाखा हाथ में लेकर दौड़ा युवक, सोशल-मीडिया पर वीडियो वायरल

**रायपुर, 19 सितम्बर।** रायपुर के खरोरा में जन्मदिन मनाने के लिए लड़कों ने नेशनल हाईवे पर जमकर हुड़दंगई किया है। उन्होंने बीच सड़क केक काटा, फिर एक लड़का पटाखे को हाथ में लेकर जानलेवा स्टंट करते दिखाई दिया। इस पूरी मस्ती का वीडियो युवकों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर दिया, जो अब वायरल हो रहा है। यह पूरा मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि वकॉर नाम के युवक का जन्मदिन मनाया जा रहा है। जिसमें युवक नेशनल हाईवे में खड़े होकर हुड़दंगई कर रहे है। इस दौरान उनकी कार बीच सड़क में खड़ी हुई है। वे सड़क पर खड़े होकर केक काट रहे हैं। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे ट्रक वालों को देखकर हूटिंग कर रहे हैं। इस पूरे वीडियो में लड़के मस्ती के मूड में दिखाई दे रहे हैं।

इस वायरल वीडियो में एक युवक जानलेवा स्टंट करता भी नजर आ रहा है। उसने हाथों में पटाखे की जलती हुई लड़ को हाथ में पकड़ लिया है। फिर उसे लेकर तेजी से नेशनल हाईवे में दौड़ रहा है। इस लापरवाही पूर्वक स्टंट से युवक की जान भी खतरे में है। इसके अलावा आसपास आगजनी की घटना की भी आशंका है। फिलहाल इस मामले में युवकों के खिलाफ कोई शिकायत की सूचना नहीं है।

# जानलेवा हमला करने वाला कट्टा के साथ अरेस्ट

**रायपुर, 19 सितम्बर।** रायपुर में एक युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी अरेस्ट हुए हैं। आरोपियों ने युवक के सिर पर लोहे के पाइप से हमला किया था। ये पूरा विवाद गाली-गलौज को लेकर हुआ था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कट्टा और कारतूस बरामद किया है। यह पूरा मामला अमानाका थाना क्षेत्र का है।



प्रकाश साहू ने थाना आमानाका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सुदेश नगर उरला में अपने परिवार के साथ रहता है। उसका बेटा अजय साहु उर्फ जागेश्वर साहू अपने दोस्त अजय वर्मा, अच्छु उर्फ चिचड, गोलु उर्फ मण्डला और राजू धृतलहरे के साथ घुमने गया था। प्रार्थी के बेटे अजय साहु उर्फ जागेश्वर के दोस्त विकाश वर्मा ने उसे बताया कि 14 सितंबर को रात के समय करीबन 11 बजे अजय साहू आमानाका क्षेत्र के तेन्दुवा रामा टीएमटी के पास घायल अवस्था में पडा था। जिसे वह बीरगांव के एक अस्पताल भर्ती कराया है उसके सिर मे गंभीर चोट लगा है।

इस मामले में घायल अजय ने बताया कि उसका कुछ लड़कों के साथ गाली गलौज को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने CCTV कैमरे की मदद से आरोपी सोहेल राणा एवं दिलशाद अंसारी की पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना की रात्रि घटना स्थल पर उनका आमना-सामना अजय साहू एवं उसके दोस्तों के साथ हुआ। फिर आपस में गाली गलौज के बाद एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान आरोपी अपने पास रखें देशी कट्टा को निकालकर डरा धमका रहे थे, जिससे अजय साहू के दोस्त वहां से भाग गये। आरोपी के पास रखें लोहे के पाईप से हत्या करने की नियत से अजय साहू के सिर पर मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाये एवं भाग गये। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में लोहे का पाईप, 1 नग देशी कट्टा, 2 नग जिंदा कारतूस एवं मोटर सायकल जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

**समय का फेर** | **कभी राजधानी के नामचीन लोगों में शामिल रहे राजेश शर्मा**

# पत्नी के निधन पर दी गमगीन विदाई, शामिल रहे गिनती के लोग

**रायपुर, 19 सितम्बर।** डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल के नाम पर करीब 60 करोड़ के घोटाले के आरोपी राजेश शर्मा ने जेल से निकलकर आज देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में अपनी दिवंगत पत्नी उमा शर्मा को अंतिम विदाई दी. अदालत से विशेष अनुमति लेकर अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम में पहुंचे राजेश शर्मा के साथ ऐसे वक्त में मौजूद थे तो केवल जेल कर्मी और मीडिया के लोग.

श्मशान घाट का दृश्य वैसे भी गमगीन रहता है, लेकिन आज तो और भी गमजदा था, वजह थी एक ऐसा शख्स, जो कभी राजधानी के नामचीन लोगों में शामिल रहा, आज जिस असहाय हालत में अपनी पत्नी को विदाई दे रहा था, वह बहुत ही दारुण और करुण था. अंतिम वक्त में पति अपनी पत्नी के साथ नहीं था, यहां तक राजेश शर्मा का आरोप है कि अदालत से मंजूरी मिलने के बाद भी उसकी पत्नी का पर्याप्त इलाज जेल प्रशासन ने नहीं कराया.



कभी सेंट जेवियर स्कूल में शिक्षक के तौर पर काम करने वाले राजेश शर्मा ने 2005 में डॉल्फिन इंटरनेशनल स्कूल की शुरुआत की और देखते-देखते पांच साल के भीतर ही पूरे राज्य में लगभग 40 स्कूलों की श्रृंखला खड़ी कर दी. उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रचार के लिए मुकेश खन्ना 'शक्तिमान' और गुफी पेंटल 'शकुनि' जैसे अभिनेताओं को ब्रांड एम्बेसडर बनाया था.

लेकिन आरोप है कि डॉल्फिन स्कूल एक छलावा था, दरअसल, राजेश शर्मा स्कूल की आड़ में रसूखदारों और नेताओं के कालेधन को ठिकाने लगाने का काम कर रहा था. इसमें हुए नुकसान की भरपाई के लिए स्कूल के पालकों को पहली से 12वीं क्लास तक की पूरी फीस करीब डेढ़ लाख रुपए बताकर एकमुश्त राशि वसूलने का काम किया. यही नहीं स्कूल स्टॉफ को महीनों तक वेतन नहीं दिया.

लेकिन नुकसान की भरपाई नहीं होने से वसूली के बढ़ते दबाव और पुलिस में मामला दर्ज होने के बाद उसे रायपुर से वर्ष 2011 में भागना पड़ा. सालों तक फरारी काटने के बाद रायपुर पुलिस ने मिली सूचना पर वर्ष 2017 में हैदराबाद से दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर रायपुर लाई. इसके बाद से पति-पत्नी जेल में ही कैद रहे. मामले में अभी अदालत का फैसला नहीं आया है.

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उठाए सवालों का चुनाव आयोग करे निराकरण : दीपक बैज

**रायपुर, 19 सितबंर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष द्वारा मतदाता गहन सूची परीक्षण के संबंध में लगाए गए आरोपा का निराकरण भारत निर्वाचन आयोग को करना चाहिए।

आज कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दूसरी बार प्रेस कांफ्रेंस कर मतदाता सूची में की गई गड़बड़ियों का साक्ष्य प्रस्तुत किया है। पहली प्रेस कांफ्रेंस में 7 अगस्त को राहुल गांधी जी ने साबित किया था महाराष्ट्र, कर्नाटक में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया था।



बैज ने आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि कल की प्रेस कांफ्रेंस में राहुल ने साबित किया कि जानबूझ कर मतदाताओ के नाम काटे गए। सॉफ्टवेयर का उपयोग कर के कर्नाटक की अलंग विधानसभा में 6018 वोटर के नाम डिलीट किए गए। एक मोबाइल से 12 मिनट में 14 वोटरों के नाम काटे गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में जिन बूथों में कांग्रेस जीती थी वहां के नाम काटे गए। राहुल गांधी के आरोपों का तथ्यात्मक जवाब देने के बजाय चुनाव आयोग बहाने बाजी कर रहा है ।

**कांग्रेस के आंदोलन को जनता का मिला समर्थनः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 16 सितम्बर से 18 सितंबर तक प्रभारी सचिन पायलेट की उपस्थिति में कांग्रेस ने रायगढ़ से भिलाई तक वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान, पदयात्रा, मशाल रैली, जनसभाएं, मोटर सायकल रैली निकाला गया। रायगढ, कोरबा, रतनपुर, तखतपुर, मुंगेली, बेमेतरा, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई सभी जगह हमारे कार्यक्रमों में स्वस्फूर्त बड़ी संख्या में लोग आए। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के इस कार्यक्रम में भागीदारी करके यह बता दिया कि वह भाजपा की वोट चोरी के खिलाफ है ।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26